तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 12.9 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 22 नवंबर 2024

तीन दिनों में बने साढ़े तीन सौ से अधिक आयुष्मान कार्ड 12



महिला उत्पीड़न और हिंसा के खिलाफ सेमिनार का आयोजन 12





## खबर संक्षेप

### बीएसपी के एजीएम को तीन महीने की सजा

**भिलाई।** कोर्ट ने भिलाई इस्पात संयंत्र के एजीएम ओमेन टेटे को तीन महीने की सश्रम कारावास की सजा दी है।न्यायाधीश निलेश कुमार बघेल की कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है। मामले की पैरवी कर रहे अधिवक्ता अनुराग ठाकुर ने बताया कि 5 मार्च 2023 की रात 8 बजे रेलवे कर्मी बसंत कुमार अपनी बाईक से तालपुरी बोरसी मार्ग से जा रहे थे। इसी दौरान बोरसी की तरफ से होंडा सिटी कार क्रमांक सीजी 07 एमबी 4357 के चालक ओमेने टेटे ने बाईक को जबर्दस्त टक्कर मार दी। जिससे रेलवे कर्मी बसंत को गंभीर चोंटें आई। टेटे नंदिनी माइंस के एजीएम हैं। अधिवक्ता ठाकुर ने बताया कि पीड़ित कर्मी दुघर्टना में बुरी तरह घायल हो गए थे और उनका इलाज छह महीने तक अस्तपाल में चला। बड़ी मुश्किल से उसकी जान बच पाई। घायल बसंत कुमार की पत्नी ने कार चालक के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। पुलिस ने मामला न्यायालय में पेश किया था जिसकी सुनवाई कोर्ट में चली। घटनास्थल पर मौजूद लोगों के बयान के बाद कोर्ट ने यह फैसला दिया है।

### वार्षिकोत्सव 24 को

**भिलाई।** महाराष्ट्रीयन ब्राह्मण जागृति सभा भिलाई-दुर्ग द्वारा 24 नवंबर को सिविक सेंटर स्थित कला मंदिर में वार्षिक उत्सव एकात्म समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी महाराष्ट्रीयन ब्राह्मण परिवारों को इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रतिनिधियों द्वारा आमंत्रण पत्र दिया गया है। यह जानकारी अध्यक्ष श्रीराम कुलकर्णी ने दी।

### विशेष सम्मेलन : भिलाई निगम में बहुमत से प्रस्ताव पारित

# 50 करोड़ से होगी शहर की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏩ भिलाई

गुरुवार भिलाई निगम द्वारा शहर की सफाई टेंडर को लेकर विशेष सम्मेलन आयोजित हुआ। सभापति गिरवर बंटी साहू की अध्यक्षता में हुई इस सम्मेलन में महापौर नीरज पाल ने आठ निविदाओं को प्रस्तुत किया।

दो घंटे चली सभा में विपक्षी पार्षदों ने कड़े तेवर दिखाए। आखिर में बहुमत से 50 करोड़ 28 लाख 16 हजार 644 रुपए का टेंडर पारित कर लिया गया। टेंडर मेसर्स अर्बन इनवायरो वेस्ट मैनेजमेंट नागपुर की कंपंनी को दिया गया है। जो वर्तमान में कार्य कर रही है।



सदन में विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए एमआईसी मेंबर लक्ष्मीपति राजू। सदन में मौजूद महापौर नीरज पाल, पीयूष मिश्रा, सीजू एंथोनी, दया सिंह।

#### इस तरह होता रहा हंगामा

महापौर नीरज पाल के प्रस्ताव लाने के बाद एक-एक निविदाओं पर सदन में चर्चा शुरू हुई। सभी निविदाएं पांचों जोन के लिए रही। भाजपा नेता प्रतिपक्ष, उपनेता प्रतिपक्ष दयासिंह व पार्षद पीयूष मिश्रा ने सफाई टेंडर को लेकर सवाल खड़े किए। उन्होने कहा कि ऑनलाइन टेंडर चार निविदाकारों ने भरे थे जिसमें से तीन को अपात्र किया गया तो उसकी वजह क्या है इसका खुलासा होना चाहिए। इस पर स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली ने बताया कि निविदा के दस्तावेजों को गठित तकनीकी समिति ने परीक्षण किया और जिनके दस्तावेज अपूर्ण थे उन्हे अपात्र पाया। भाजपा जिलाध्यक्ष व पार्षद विनोद वर्मा ने कहा कि टेंडर में जितने भी निविदाकार आए हैं उन सब एजेंसियों की जानकारी व शपथ पत्र की फिर से छानबीन करने की जरूरत है।

#### निविदा को आगे बढ़ाने के भी रखे सुझाव

पार्षद वशिष्ठ नारायण मिश्रा ने वर्क आर्डर को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि एक वर्क आर्डर में जिस एजेंसी का अपात्र माना गया है उसे नवमें हिस्से में वर्क आर्डर दे दिया गया है। ऐसा दोहरा मापदंड कैसे अपनाया गया है। पार्षद विनोद सिंह ने कहा कि वर्तमान मेसर्स अर्बन इनवायरो वेस्ट मैनेजमेंट नागपुर की कंपंनी काम कर रही है उसका कार्यकाल तीन बार बढ़ाया जा चुका है। तीन महीने के लिए और कार्यकाल बढ़ाकर नए सिरे से निविदा निकाली जाए। निर्दलीय पार्षद हरिओम तिवारी ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत केंद्र सरकार से सफाई के लिए फंड लाने निगम को पत्र लिखने के सुझाव रखे। तिवारी ने कहा कि इससे सफाई में निगम का खर्च बचेगा।

#### नियम-शर्तों के हिसाब से निविदा प्रक्रिया

सदन में निविदा के दौरान बताया गया कि शहर के हित में पिछले साल की अपेक्षा इस साल मैन पावर बढ़ाए गए है। उनकी मजदूरी भी बढ़ाई गई है। जिसकी वजह से इस साल का निविदा रेट अधिक हुआ है। एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू ने कहा कि निविदा को लेकर सभी तरह की सार्थक चर्चा हो चुकी है। निविदा की पूरी प्रक्रिया शासन ने निर्देशानुसार किए गए हैं इसलिए प्रस्ताव को पारित किए जाने की जरूरत है। सभापति गिरवर बंटी साहू ने बहुमत से निविदा प्रस्ताव को पारित कर दिया।

#### शहर की सफाई पर इस तरह होंगे खर्च

- जोन क्रमांक 1 के वार्ड 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7 एवं 8 वार्डों में नाली, सड़क, बाजार एवं तिपहिये रिक्शे/ई-रिक्शा से आवासीय एवं व्यवसायिक क्षेत्र में डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य तथा अन्य कार्य - 7,50,50,448 रुपए-
- जोन क्रमांक 1 के वार्ड 9, 10, 11, 12, 13, 17 एवं 18 में भी इसी तरह के कार्य- 6,71,28,456 रुपए।
- जोन क्रमांक 2 के वार्ड 14, 15, 10, 19, 20, 26 एवं 27 वार्डों में भी उक्त कार्यों के लिए 6,71,81,436 रुपए।
- जोन क्रमांक 2 के वार्ड 21, 22, 23, 24, 25, 28 एवं 29 वार्डों में नाली, सड़क, बाजार एवं तिपहिये आदि कार्य- 6,71,81,436 रुपए।
- जोन क्रमांक 3 के वार्ड 30, 31, 32, 33, 34, 35, 36 एवं 37 वार्डों में नाली, सड़क, बाजार एवं तिपहिये रिक्शे/ई-रिक्शा आदि कार्यों के लिए 7,68,63,048 रुपए।
- जोन क्रमांक 4 के वार्ड 38, 39, 40, 41, 42 43 एवं 44) वार्डों में नाली, सड़क, बाजार एवं तिपहिये रिक्शे ई-रिक्शा आदि कार्यों के लिए - 6,76,05,204 रुपए।
- जोन क्रमांक 4 के वार्ड 45, 46, 47, 48, 49, 50 एवं 51) वार्डों में नाली, सड़क, बाजार एवं तिपहिये रिक्शे/ई-रिक्शा आदि कार्यों के लिए - 6,76,05,204 रुपए।
- जोन क्रमांक 5 के वार्ड 69 का 1/2 भाग एवं 70) वार्डों में नाली, सड़क, बाजार एवं तिपहिये रिक्शा कार्य तथा अन्य कार्य- 1,42,01,412 रुपए।

## चाकूबाजों की जानकारी देने वाले को मिलेगा 1 हजार रुपए का पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏩ भिलाई

दुर्ग पुलिस ने चाकूबाजों को पकड़ने के लिए एक नई पहल की है। दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला के निर्देश पर अब शहर में चाकू लेकर घूमने और संदिग्ध गतिविधियां कारित करने वालों की जानकारी देने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्हें 1 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। साथ ही उनका नाम पूरी तरह से गोपनीय रखा जाएगा। जिले को अपराध मुक्त बनाने के लिए यह कवायद शुरू की गई है। ऐसे लोगों को पकड़ने के लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है। दुर्ग एसपी ने इसका पोस्टर भी जारी किया है। ऐसे लोगों की जानकारी मोबाइन नंबर



- पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला की अनोखी पहल, अधिकारियों के फोन नंबर किए जारी

9479192002, सीएसपी दुर्ग 9479192006, सीएसपी भिलाई नगर 9479192008, डीएसपी क्राइम 9479192017, टीआई क्राइम 6265022883 और कंट्रोल रूम के नंबर 9479192099 पर कॉल करके दी जा सकती है।




### वैशालीनगर थाना क्षेत्र का मामला

## नशे पर शिकंजा : पंजाब से चिट्टा लाकर बेच रहे दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏩ भिलाई

जिले में नशे के अवैध सौदागरों के खिलाफ जिला पुलिस की मुहिम जारी है। पुलिस ने वैशालीनगर थाना अंतर्गत वृंदा नगर दक्षु बाड़ी मैदान के पास से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से चिट्टा (हेरोइन) जब्त किया गया। जब्त हेरोईन की कीमत करीब 1 लाख रुपए बताई गई है। आरोपियों में वृंदानगर सुपेला निवासी बब्बू अली पिता लियाकत अली (40वर्ष) और संग्राम चौक केम्प-1 निवासी हरपाल सिंह पिता सुखदेव सिंह (24 वर्ष) शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि बब्बू अली पंजाब से हेरोईन लाकर भिलाई में बेच रहा था। हरपाल उसका सहयोग कर रहा था। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने इस पूरे मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि जिले में लगातार नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। उनकी गिरफ्तारियां हो रही है। इस मामले में मुखबिर से मिली जानकारी के बाद एसीसीयू प्रभारी निरीक्षक तापेश नेताम और थाना प्रभारी वैशाली नगर उप निरीक्षक घनश्याम नेताम के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने जानकारी जुटाई। इसके बाद आरोपी पकड़े गए। मामले में पता चला है कि बब्बू अली चिट्टा खरीदने के लिए पंजाब गया था, जो वापस आ गया है। हरपाल सिंह के साथ चिट्टा बिक्री करने के लिए ग्राहक खोज रहा है। इसके बाद दोनों को पकड़ा गया। उनके पास से 8 ग्राम एवं हरपाल के पास से 6 ग्राम पृथक-पृथक जुमला 14 ग्राम मादक पदार्थ चिट्टा (हेरोईन) जब्त किया गया। बब्बू अली 302 में हत्या का आरोपी है और जेल काट चुका है। कार्रवाई में प्रधान आरक्षक सगीर खान, मेघराज चेलक, पंकज चतुर्वेदी, आरक्षक भावेश पटेल, रिन्कू सोनी, अजय गहलोत, राकेश अन्ना की भूमिका सराहनीय रही।

### चारामा के युवक ने दुर्ग जिले में की आत्महत्या

## प्रेमिका की हत्या कर फरार आरोपी ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏩ भिलाई

कांकेर जिले के चारामा से प्रेमिका की हत्या के बाद फरार आरोपी ने दुर्ग जिले के रानीतराई थाना क्षेत्र में आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना स्थल से थोड़ी दूर पर उसका दुपहिया वाहन खड़ी मिला। रानीतराई पुलिस के द्वारा मर्ग कायम कर मृतक के परिजनों को एवं थाना चारामा को सूचित किया गया है।



रानीतराई थाने के उप निरीक्षक धनेश्वर साहू ने बताया कि ग्राम अमलीडीह के कोटवार ने सूचना दी की अज्ञात युवक द्वारा बुधवार दोपहर 2:30 बजे के लगभग पेड़ के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर रानी तराई पुलिस द्वारा घटनास्थल पहुंचकर विवेचना प्रारंभ की गई। मृतक युवक की शिनाख्त दीपचंद देवांगन पिता श्री राम देवांगन 31 वर्ष निवासी चारामा के रूप में की गई।

पुलिस ने बताया कि 17 नवंबर को मृतक के द्वारा अपनी प्रेमिका की हत्या करने के बाद फरार हो गया था। भटकते हुए थाना रानी तराई क्षेत्र में आया और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कोई सुसाइडल नोट भी प्राप्त नहीं हुआ है। थाना चारामा प्रभारी दिलेश्वर चंद्रवंशी ने बताया कि दीप चंद देवांगन के द्वारा युवती लिपिक देवागन पिता शैलेश देवांगन 21 वर्ष निवासी नाका पर चारामा की गला दबाकर हत्या करने के बाद से फरार हो गया था। जिसकी तलाश की जा रही थी। दुर्ग पुलिस से मिली सूचना के बाद आरोपी के परिजनों को सूचना दे दी गई है।




### नल जल, आयुष्मान कार्ड व पीएम आवास पर विशेष जोर

# बेहतर क्रियान्वयन कर आम जनता को करें लाभान्वित: सांसद विजय

हरिभूमि न्यूज ⏩ दुर्ग

लोकसभा सांसद विजय बघेल की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांसद ने निर्देशित किया कि जिले में राज्य और केन्द्र शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें और योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएं। सांसद ने कहा कि, केन्द्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं को प्रशासनिक अधिकारियों एवं जिला पंचायत के माध्यम से विभिन्न वार्डो में पहुंचाया जाता है। आम जनता तक पहुंचाने के लिए हम एक कड़ी का कार्य करते हैं। जन-जन तक पहुंचाने के लिए हमारे दायित्व बंटे हुए हैं। समयबद्ध तरीके से अपने-अपने जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जो भी दिशा-निर्देश व निर्णय लिया जाता है उस पर त्वरित कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।



केन्द्र की योजनाओं से जनता वंचित न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने जिले में स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में कदम उठाने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन योजना के कार्यों को तेजी के साथ संचालित करने को कहा।

**चुनाव के पहले जारी कर राशिः** बैठक में सीईओ जिला पंचायत बजरंग दुबे ने अवगत कराया कि, मनरेगा के अंतर्गत महिलाओं की भागीदारी सबसे अधिक रही है। अब तक 100 दिवस का रोजगार श्रमिकों को प्रदान किया गया है। सांसद श्री बघेल ने कहा कि मनरेगा कार्यो की सामग्री का भुगतान पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव के पहले किया जाना सुनिश्चित करें।

#### योजनाओं की मानिटरिंग के निर्देश

सांसद ने लोगों को शुद्ध पेयजल जैसी समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए प्रमुखता से क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग करने को कहा। पशुओं में संक्रामक रोग प्रतिबंधात्मक टीकाकरण शत-प्रतिशत किया जाना सुनिश्चित करें। सांसद ने निमार्णाधीन एवं अधूरे कार्यो को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को प्राथमिकता के आधार पर दिव्यांगजनों को ट्रायसायकल वितरित करने के निर्देश दिए। वही 70 साल के बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड बनवाने का कार्य शत-प्रतिशत किए जाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, देवेन्द्र देशमुख सहित अधिकारी मौजूद रहे।

# स्कूल की जमीन को निगम ने बेचा, बिजली बिल के कर्ज में दबा स्कूल प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर के इंदिरा मार्केट मोती काम्प्लेक्स के पास स्थित शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की जमीन को नगरनिगम ने लाखों रूपए में बेच दी। स्कूल की जमीन को बेचे जाने के बाद यह भी प्रावधान किया गया था कि, बिक्री की राशि को स्कूल प्रबंधन में लगाया जाएगा।

लेकिन नगरनिगम ने रसूखदारों को फायदा पहुंचाने एमआईसी में प्रस्ताव पारित कर करीब आठ दुकाने लाखों रूपए में बेच दी और स्कूल प्रबंधन को पिछले दो साल से फूटी कौडी तक नही मिली है। महात्मा गांधी स्कूल में करीब तीन साल से बिजली बिल का भुगतान नही हो पाया है। लगातार स्कूल प्रबंधन द्वारा निगम प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से तकादा किए जाने के बाद भी सुनवाई नही हुई है। वर्तमान में बिजली बिल की राशि बढकर पौने दो लाख तक पहुंच चुका हैं।

जानकारी अनुसार स्कूल विगत 31 जनवरी 2022 को मेयर इन काउंसिल की बैठक में संकल्प क्रमांक 09 में यह लिखित तौर पर प्रावधान किया गया था कि, भूमि की बिक्री राशि का स्कूल में व्यय किया जाना था। बहरहाल स्कूल पूर्व में नगरनिगम के अधीन था। लेकिन राज्य शासन द्वारा निगम से हटाकर इसे शिक्षा विभाग को सौंप दिया है। लेकिन स्कूल के संचालन के लिए विभाग से भी फंड नही मिलता है। ऐसे में स्कूल प्रबंधन को स्कूल के कंसलटेंसी राशि व रखरखाव का कार्य कराने में परेशानी हो रही हैं।

### विरोध के बीच बेचे गए जमीन

बताया गया कि, महात्मा गांधी स्कूल दान की जमीन थी। यह स्कूल ऐतिहासिक है। लेकिन मोती कांम्प्लेक्स से लगे कुछ दुकानदारो को फायदा पहुंचाने के लिए नगरनिगम के एमआईसी सदस्यों ने प्रस्ताव पारित कर करीब आठ दुकानदारों को अतिरिक्त जगह एलाट कर दिया। इस मसले को लेकर जमकर विवाद भी हुआ था। कई बार सामान्य सभा में भी मामला विपक्ष ने उठाया था। स्कूल की जमीन को इस तरह बेचने के फैसले को लेकर निगम प्रशासन की जमकर किरकिरी भी हुई थी। इस मामले में वार्ड पार्षद भोला महोबिया का कहना है कि, हमने कई बार निगम से राशि देने की मांग कर चुके हैं।

### निगम के स्कूल का शिक्षा विभाग में विलय, फिर भी नहीं मिल रही राशि



### बिजली कंपनी काट रहा बार-बार कनेक्शन

स्कूल की जमीन को बेचने के फैसले से स्कूल प्रबंधन भी विरोध में था। बहरहाल करीब पौन दो लाख रूपए का बिजली बिल बकाया होने को लेकर प्राचार्य दिनेश कुमार अग्रवाल द्वारा विगत पन्द्रह अक्टूबर 2024 को नगरनिगम आयुक्त को पत्र भी लिखा था। इससे पहले भी उनके द्वारा लगातार पत्र लिखा जा रहा है। लेकिन निगम के जनप्रतिनिधि और प्रशासन संज्ञान में नही ले रहे हैं। विगत जून माह में कंपनी बिजली कनेक्शन भी काट दिया था। जिस पर परीक्षा चलते की मिन्नत कर प्रचार्य ने कनेक्शन नही कांटने की मांग की थी। इस मामले में मेयर धीरज बाकलीवाल का कहना है कि, राशि स्कूल में उपयोग करनी थी यह सही है। इसके लिए रास्ता निकालेगें।

## खबर संक्षेप

### आत्मानंद स्कूल में कार्यशाला का आयोजन



**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में युवोदय स्वयंसेवकों के द्वारा अलग-अलग विषयों में जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में युवोदय टीम के द्वारा स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट इंग्लिश, हिंदी मीडियम स्कूल निकुम में एक दिवसीय कार्यशाला ''आओ बात करें'' का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और छात्रों, शिक्षकों, एवं अभिभावकों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझाने के उद्देश्य से आयोजित की गई। कार्यशाला का संचालन युवोदय ब्लॉक समन्वयक प्रगति मोहबे के द्वारा किया गया। कार्यशाला में मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न विषयों जैसे तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच, मानसिक स्वास्थ्य का शिक्षा में महत्व और दैनिक जीवन में मानसिक संतुलन बनाए रखने के तरीके इत्यादि पर चर्चा की गई। समन्वयक ने बच्चों और शिक्षकों को मानसिक स्वास्थ्य के लक्षण पहचानने और समय पर मदद लेने के महत्व के बारे में जागरूक किया। साथ ही, मानसिक स्वास्थ्य को लेकर समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने के लिए सुझाव दिए।

**कार्यशाला में रही सक्रिय भागीदारीः** कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों ने चर्चा में सक्रिय भागीदारी की और अपने अनुभव साझा किए। सभी ने इस प्रयास की सराहना की और इसे उपयोगी बताया। कार्यशाला में मानसिक स्वास्थ्य खेल गतिविधियों का भी आयोजन किया गया था, जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ भागीदारी निभाई। युवोदय टीम का उद्देश्य इस प्रकार की कार्यशालाओं के माध्यम से छात्रों, शिक्षकों और समुदाय के बीच मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना है।

## निधन

### मंगल चंद वर्मा

**भिलाई।** बीएसपी के सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं हथखोज निवासी मंगलचंद वर्मा (78) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को हथखोज के मुक्तिधाम में किया गया। वे अनिल वर्मा, अनिता वर्मा एवं सरिता वर्मा के पिता थे।




**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

राजस्व अपील प्र.क्र. - / अ- 6 / 2023-24
ई-कोर्ट प्र.क. 202406072400250 /
अ-6/22022-23 ग्राम-जूना बिलासपुर
तहसील-बिलासपुर

लता तिवारी पति स्व. श्री राकेश तिवारी निवासी नन्दू गैरेज के पास वृन्दावन परिसर के पास बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर........अपीलार्थनी

बनाम

पवन तिवारी आ. स्व. जगदीश प्रसाद तिवारी निवासी नन्दू गैरेज के पास वृन्दावन परिसर के पास बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर.....उत्तरवादीगण

प्रति,

01. निशा अवस्थी आ.स्व. जगदीश प्रसाद तिवारी पति श्री रमेश अवस्थी, निवासी-2 भिलाई. हनुमान मंदिर के पास, पावर हाउस रेल्वे स्टेशन के पास भिलाई

विषय:- पेशी में उपस्थित होने बाबत।

इस न्यायालय में अपीलार्थनी लता तिवारी पति स्व. श्री राकेश तिवारी, निवासी नन्दू गैरेज के पास वृन्दावन परिसर के पास बिलासपुर की ओर से छ. ग. भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 44 के तहत मौजा जूना बिलासपुर की भूमि खसरा नं.-400/06 रकबा 0. 008 हे. के अपील आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.12.2024 को अधोहस्ताक्षरर्ता के न्यायालय में नियत है।

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि, आप उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उक्त दिनांक एवं स्थान में 3.00 बजे स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण में भाग ले सकते है। अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यह भी सूचित किया जाता है कि यदि उक्त नियत दिनांक को अवकाश घोषित हो जाता है, तो प्रकरण की सुनवाई आगामी न्यायालयीन दिवस में की जावेगी ।

आज दिनांक 11/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर द्वारा जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**बिलासपुर (छ.ग.)**


### पिछले दो साल से नहीं मिली कस्टम मिलिंग की बकाया राशि

# कस्टम मिलिंग की राशि नहीं मिली तो मिलरों ने रोका 15 करोड़ का बारदाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

हरिभूमि सरोकार

पिछले दो साल के कस्टम मिलिंग की राशि करीब पांच सौ करोड रूपए को रोके जाने से मिलर खपा हो गए है। हालात यह है कि, मिलरों ने करीब एक करोड नग बारदाना मार्कफेड को नही दिया है। टारगेट अनुसार खरीदी के लिए प्रशासन को डेढ करोड नग से अधिक बारदाना चाहिए, लेकिन उपलब्धता सिर्फ 42 लाख नग की हैं। इधर आगामी दिनों उपार्जन केन्द्रों में बफर लिमिट से अधिक धान हो जाएंगे।

ऐसे में अगर समय पर उठाव नही किया गया तो खरीदी प्रभावित हो सकती हैं। कस्टम मिलिंग की राशि के आलावा फोर्टिफाइड चावल बनाने के लिए मिलने वाले करीब चालीस करोड प्रोत्साहन राशि भी नही मिली हैं। इस साल कस्टम मिलिंग को लेकर राज्य शासन ने भले ही पालिसी जारी कर दी है। लेकिन पिछले दो साल के बकाया कस्टम मिलिंग की राशि रिलिज नही करने से प्रदेशभर के मिलर राज्य शासन के खिलाफ लामबंद हो गए है। ऐसे में आगामी दिनों धान खरीदी करने प्रशासन के लिए बेहद चुनौती होगी। धान खरीदी को एक सप्ताह से ज्यादा समय गुजर गए है। लेकिन अब तक कस्टम मिलिंग को लेकर मार्कफेड द्वारा मिलरों से एग्रीमेंट तक नही कराया गया हैं। पिछले साल इस दौरान पंजीयन की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गई थी। मगर इस बार राज्य शासन भी मूंह में दही जमाए बैठी हैं और मिलर का भी रवैय्या इस बार किसानों के लिए परेशानी का सबब बन सकता हैं। खबर है कि, विगत दिनों प्रशासन की बैठक में जिलेभर के राईस मिलर्स ने साफ तौर पर कह दिया है कि, उन्हें दो साल का भुगतान नहीं किया गया है। ऐसी स्थिति में वे इस बार मिलिंग नहीं कर पाएंगे।

### एक करोड़ नग बारदाना पर मिलरों ने लगाई रोक, जूझेंगें किसान



### चावल जमा करने जगह नहीं कराते उपलब्ध

कस्टम मिलिंग की नीति के अनुसार समय पर चावल जमा नही करने पर पालिसी में पेनाल्टी का प्रावधान किया गया हैं। मिलर्स ने बताया कि, वे तो चावल जमा करने के लिए तैयार रहते हैं, लेकिन एफसीआई के डिपो पैक हो जाते हैं। ऐसे में वे चाहकर भी चावल जमा नहीं कर पाते है। इधर जिला प्रशासन द्वारा हनुमंत राईस मिल और एक अन्य राईस मिल को तीन साल के लिए ब्लेक लिस्टेट कर दिया है। नई पालिसी में ट्रक में सीसीटीवी कैमरे लगाने कहा गया हैं। वही ट्रक लोड व अनलोड की स्थिति बतानी होगी।

### परिवहन दर में भी कटौती

राज्य शासन ने मिलिंग के दास को आधा करने के साथ-साथ परिवहन दर में भी कटौती कर दी है। इसमें 25 किलोमीटर के भीतर धान और चावल का परिवहन करने पर मिलर्स को 14 रुपए प्रति किलोमीटर की दर से भुगतान किया जाएगा। मिलर्स का कहना है कि, इस रेट से ज्यादा हमाली दर है। ऐसी स्थिति में उन्हें परिवहन में भी घाटा उठाना पडेगा। इन सभी समस्याओं के समाधान के लिए मिलर के जिला से लेकर प्रदेश नेतृत्व ने हर नेता, मंत्री, मुख्यमंत्री व संबंधित उच्च अधिकारियों तक गुहार लगाई गई, लेकिन किसी ने भी समाधान की दिशा में उचित पहल नहीं की।

### कांग्रेस ने बढ़ाया, भाजपा ने आधा किया

कांग्रेस सरकार ने प्रति क्विंटल कस्टम मिलिंग पर 120 रुपए दिए जा रहे थे। इस साल शासन ने कस्टम मिलिंग की दर कम कर दी है। अब प्रति क्विंटल मिलर्स को 60 रुपए दिए जाएंगे। कस्टम मिलिंग की दर में कटौती से राईस मिलर्स नाराज है। मिलसे का कहना है कि, महंगाई लगातार बढ़ रही है। पांच साल में बिजली बिल, हमाली, मशीनों के दाम सहित सभी चीजें काफी महंगी हुई है। उधर शासन ने मिलिंग को पांच साल पुरानी दर पर वापस ला दिया है। ऐसे में मिलर्स को आर्थिक संकट से जूझना पड़ेगा। कई मिलों में ताला लग सकता है।

### पहल नहीं

कस्टम मिलिंग को लेकर बकाया राशि का भुगतान नही किया गया है। इसलिए इस बार मिलरों की आर्थिक स्थिति ठीक नही है। इसकी सूचना दे दी गई हैं।

**-विनित जैन,**
अध्यक्ष जिला राईस मिल

# तीन दिनों में बने साढ़े तीन सौ से अधिक आयुष्मान कार्ड



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ नागरिकों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है। नगर निगम के कर्मचारी इसके लिए घर-घर दस्तक दें रहे है।

वरिष्ठ नागिरकों का आयुष्मान बनाने घर-घर पहुंचकर निरन्तर कर्मचारी तीन दिनों में 386 आयुष्मान कार्ड बनाया गया है। यह कार्य नगर पालिक निगम क्षेत्र में 22 नवंबर तक चलेगा। कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश में दीनदयाल अंतोदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की टीम व आंगनबाड़ी मितानिन को प्रशिक्षण दिया गया। जानकारी में बताया गया है कि उपलब्ध कराई गई सूची के आधार पर डोर-टू-डोर जाना होगा। प्रत्येक कर्मचारी मोबाइल एप से ओटीपी लेकर जानकारी भरेंगे।

■ छुटे हुए हितग्राही आयुष्मान कार्ड बनाने कर रहे जागरूक

इसके बाद वरिष्ठ नागरिक पंजीकृत किसी भी अस्पताल में पांच लाख तक निश्शुल्क उपचार करवा सकते हैं। आयुष्मान कार्ड प्रभारी ने बताया कि निगम क्षेत्र के 17 वार्डो में 18 से 22 नवंबर तक में निगम के 50 से अधिक कर्मचारी फील्ड में रहें कर काम कर रहे है।

### पूरे 60 वार्डों में दस्तक देगी टीम

यह कार्य को 30 नवंबर तक पूर्ण करेंगे। वहीं कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने पार्षदों और परिवार के मुखिया से अपील की है कि वे 70 से अधिक उम्र वाले विष्ठ नागरिकों का आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं। इसमें उनके लिए पांच लाख तक का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध रहेगा।

### अचानकपुर को तहसील साहू संघ पाटन से संबद्धता प्रदान

**सेलूद।** तहसील साहू संघ पाटन के निर्देशानुसार परिक्षेत्रीय साहू संघ अरसनारा द्वारा ग्राम अचानकपुर के 08 पार प्रमुखों द्वारा तहसील से संबद्धता हेतु आवेदन पर गुरुवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए तहसील अध्यक्ष दिनेश साहू ने कहा सामाजिक संगठन को मजबूत बनाने एवं समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने तहसील साहू संघ पाटन द्वारा विभिन्न आयोजन किया जा रहा है। महिलाओं को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने महिला सम्मलेन एवं युवाओं को जोड़ने युवा सम्मलेन का आयोजन के माध्यम से सामाजिक तानाबाना से अवगत कराने का प्रयास जारी है। महासचिव खेमलाल साहू ने पिछले वर्ष वार्षिक आमसभा में पारित 21 बिंदुओं का उल्लेख करते हुए विस्तार से जानकारी दिया एवं स्थानीय साहू समाज अचानकपुर में इकाई गठन करने एवं तहसील साहू संघ पाटन से संबद्धता प्रदान किए जाने के लिए पार प्रमुखों द्वारा आवेदन पर प्रदेश साहू संघ के नियमावली के अनुसार निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न करवाया गया जिसमें संरक्षक विष्णु हिरवानी,सलाहकार बिसरू राम साहू,अध्यक्ष राजकुमार साहू,उपाध्यक्ष आदि मौजूद थे।

## बिजनेस साइट

### सेल्फ प्रपोल्ड कंबाइन हार्वेस्टिंग मशीन की खरीदारी



**भिलाई।** गुरुवार जो कि भगवान विष्णु एवं गुरु बृहस्पति का शुभ दिवस कहलाता है। ऐसे शुभ अवसर पर डुमरिया छुईखदान के कृषक हंसुराम ने आजीविका के लिए खेती कार्य में उत्कृष्ट बहुफसली सेल्फ प्रपोल्ड कंबाइन हार्वेस्टिंग मशीन केएस 9300 कमला मोटर्स से अपनी भांजे दामाद को दिलवाकर स्वयं ही नहीं अपितु पूरे भांजी परिवार के होंठो पर मीठी मुस्कान बिखेर दी। यंत्र की चाबी प्रदान करते हुए शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी भूमि भवन भू-संपदा सलाहकार एवं भवन निर्माणकारी आनंद टावरी एवं जय भवानी क्रेन के संचालक भजन सिंह साथ में कमला मोटर्स के शाखा प्रबंधक खेमचंद गुप्ता और आगंतुक नंदिता सामंत। वहीं मशीन की चाबी प्राप्त करते हुए डुलेश्वर दुबे, हेमंत पटेल, हंसुराम ध्रुवे, केशव राम एवं डुमरिया के कृषकगण। 'बिक्री से ज्यादा बिक्री पश्चात सेवा' के तर्ज पर कार्य करने वाली औद्योगिकी केएस ग्रुप ऑफ़ कम्पनीज के मशीनों की खरीददारी करने के लिए देशभर के कृषक लयबद्ध अपनी-अपनी बारी के इंतजार में नजर आते हैं।

### हाइपरएक्टिंव बच्चों का समाधान होम्योपैथी से संभव



**दुर्ग।** शहर के होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. संजय मनवानी ने बताया कि पिछले कुछ सालों से 1 से 12 साल उम्र के बच्चों में बिहेविरियल प्राब्लम बढ़ते जा रहे हैं। इन बच्चों के स्वभाव के कारण पालकों को इनको सम्हालने में बहुत ज्यादा कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सामन्यतः पालक इसको बच्चों का स्वभाव जानकर नजर अंदाज करते आते हैं, जबकि ये बच्चों में अतिचंचलता 1 से 6 वर्ष तक या अत्याधिक आलस, किसी भी बात पर ध्यान न दे पाना, पालक की हर बात को ना कर देना 6-12 वर्ष तक या जो मना करो उसी कार्य को बहुत अधिक रोष से करना, किसी भी एक कार्य पर फोकस न कर पाना बहुत अधिक बेचैनी, बात-बात पर चिढ़चिढ़ करना, सामानों को अस्त-व्यस्त करके रखना। इन सबका कारण बच्चे के अंदर ब्रेन में न्यूरोट्रासमीटर की अव्यवस्थित प्रक्रिया होती है। जिसकों चिकित्सक द्वारा सही तरह से डायनोसिस करके इलाज किया जा सकता है। सही इलाज के अभाव में ये बच्चें आगे जाकर अपने जीवन कि विभिन्न परिस्थितियों में सही परफामैन्स डिलिवर नहीं कर पाते हैं और क्लिनिकल डिप्रेशन के शिकार हो जाते हैं। इन बच्चों को जिनके अतिचंचलता, बेचैनी, एक जगह न बैठ पाने का स्वभाव, हर बात का विरोध करने का स्वभाव, किसी एक कार्य पर ज्यादा समय तक फोकस न कर पाने का स्वभाव हो, ये बच्चे एडीएचडी अटेशंन डेफिसिट हाइपरएक्टिंव डिस्आर्डर के शिकार होते हैं। इनको सही तरह से केस लेकर सही होम्योपैथिक चिकित्सा करवाने पर इन बच्चों के स्वभाव का समाधान हो बहोत सरल तरीके हो जाता है। समय रहते उन पालकों को इन बच्चों का होम्योपैथिक कन्सप्यूशन कोर्स करवा कर बच्चों के बौद्धिक एवं भावनात्मक विकास में आने वाली समस्या को ठीक करवा कर इन बच्चों के आगे के परफारमैन्स के लिए पालक उनकी मदद कर सकते हैं।

### जिले के 467 हितग्राहियों को जारी की गई राशि

**दुर्ग।** सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, कलेक्टर दुर्ग के निर्देशानुसार विश्व शौचलय दिवस 19 नवम्बर से 10 दिसम्बर, 2024 के मध्य चल रहे हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान अंतर्गत 467 नवीन पात्र परिवारों के घरों में शौचालय निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है एवं 296 परिवारों को शौचालय निर्माण की प्रोत्साहन राशि जारी की गई है। श्री बजरंग कुमार दुबे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दुर्ग के द्वारा दी गई जानकारी अनुसार स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेस-01 में कुल 88288 परिवारों को स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत स्वीकृति प्रदान कर शौचालय निर्माण की प्रोत्साहन राशि जारी की गई है, वहीं फेस-02 अंतर्गत वर्ष 2019 के पश्चात 31 मार्च 2024 तक 9177 नवीन परिवारों के घरों में शौचालय निर्माण एवं उपयोग की प्रोत्साहन राशि प्रदाय की जा चुकी है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 6000 नवीन व्यक्तिगत शौचालयों का लक्ष्य लिया गया है।

# पुरैना में प्राइवेट प्रेक्टिशनर का क्लीनिक सील, कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

■ टाइफाइड फैलाव मामले में स्वास्थ्य विभाग की दबिश

रिसाली निगम के पुरैना वार्ड में टाइफाइड बीमारी बताकर ईलाज करने वाले प्राइवेट प्रेक्टिशनर मो. साजिद के क्लीनिक को स्वास्थ्य विभाग ने ताला लगा दिया है। वहीं जगदंबा चौक पुरैना के भरत मेडिकल स्टोर को अस्थाई तौर पर बंद कर दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा है। रिसाली महापौर शशि सिन्हा के भ्रमण के बाद जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उक्त कार्रवाई की है। रिसाली महापौर मंगलवार को महापौर परिषद के सद्स्यों के साथ पुरैना भ्रमण की थी। इसके बाद जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुरैना वार्ड 38 में सघन सर्वे किया था। इस दौरान खुलासा हुआ कि कोई टाइफाइड का मरीज गंभीर नहीं है। वे दैनिक कार्य कर रहे है। कुछ दिन पूर्व बुखार आने पर उन्हे स्थानीय अल्टरनेटिव डिग्री धारी मो. सजिद ने टाइफाइड होने का दावा करते उपचार किया था। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने अल्टरनेटिव डिग्रीधारी मो. साजिद के खिलाफ कार्रवाई की।इस दौरान नायब तहसीलदार चन्द्रशेखर कंवर, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. भुनेश्वर कठौतिया एवं पटवारी और पार्षद मौजूद रहे।

### 331 घरों का हुआ सर्वे

447 घरों का सर्वे में केवल 3 मरीज बुखार के मिले। आरडी किट परीक्षण में बुखार सामान्य (मौसमी) पाया गया। वहीं पुरैना वार्ड 39, 40 में कुल 331 घरों तक स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची। जहां 10 लोगों को बुखार होना पाया। टाइफाइड की पुष्टि नहीं हुई। वहीं पीएचई द्वारा यहां से लिए गए पानी के सेंपल की जांच रिपोर्ट नहीं आई है।

### गांव में 50 से अधिक किसान

# चार किलोमीटर में धान खरीदी केंद्र लेकिन 15 किलोमीटर दूर जुड़ा नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कुमरदा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत मासुलकसा के आश्रित ग्राम कारूटोला के किसान आज कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे। किसानों ने यहां ज्ञापन के माध्यम से समीप के धान खरीदी केन्द्र में धान बेचने की व्यवस्था करने की मांग की है। चार किलोमीटर में धान खरीदी केंद्र होने के बावजूद लगभग 15 किलोमीटर दूर धान विक्रय के लिए गांव का नाम जोड़े जाने को लेकर किसानों ने प्रशासन को अपनी समस्याओं से अवगत कराया है। वहीं धान विक्रय हेतु गोडलवाही के धान खरीदी केन्द्र में गांव का नाम जोड़ने की मांग की है, ताकि किसान अपने धान की उपज वहां बेच सकें, वहीं दूसर जाने की समस्या से बच सकें।ग्राम कारूटोला से पहुंचे किसानों ने बताया कि पहले उनका गांव वन ग्राम था, लेकिन अब राजस्व ग्राम में शामिल हो चुका है। गांव में लगभग 50 किसान हैं, ऐसे में सभी किसानों को अपने धान की उपज बेचने 15 किलोमीटर दूर जाना होगा। उन्होंने मांग की है कि वर्तमान में की गई धान खरीदी की व्यवस्था के तहत ही समीप के धान उपार्जन केंद्र में धान की खरीदी की जाए।

### किसानों को हो रही समस्या

ग्राम कारूटोला से पहुंचे ग्राम पटेल अशोक कुमार, घासुराम सहारे, लालाराम और देवनाथ ने बताया कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मटिया के ग्राम कारूटोला को धान उपार्जन केन्द्र सम्बलपुर में जोड़ दिया गया है, जो कारूटोला से 15 किलोमीटर दूर है। किसानों ने कहा कि 5 किलोमीटर की जगह 15 किलोमीटर दूर जाने से किसानों को समस्या होगी। जबकि समिति मटिया का दूसरा उपार्जन केन्द्र ग्राम गोडलवाही महज 4 किलोमीटर की दूरी पर है।

खबर संक्षेप



## निकुम धान खरीदी केंद्र का लिया जायजा

**अंडा।** सेवा सहकारी समिति निकुम पंजीयन क्रमांक 692 में धान खरीदी 14 नवंबर से 21 नवंबर तक 5678.80 क्विंटल धान खरीदी किया गया। इस समिति में सुरेश कुमार साहू सरपंच ग्राम पंचायत भोथली ने अपने अधीनस्थ धान खरीदी केंद्र निकुम सेवा सहकारी समिति का जायजा लिया। सुरेश कुमार साहू सरपंच ने कहा प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार में किसानों को फसल के उचित दाम व किसानों को योजनाओं का लाभ, सुविधा निरंतर मिल रहा है। धान खरीदी के लिए केन्द्रों में इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा, पर्याप्त बारदाना और पेयजल की व्यवस्था की गई है। इलेक्ट्रानिक तौल मशीन के जरिए ही खरीदा जाना है। साहू ने कहा कि सभी किसान भाईयो को भाजपा सरकार का सभी योजनाओं का लाभ मिलेगा हर योजना का लाभ किसानों के हित में होगा।

## साबरमती रिपोर्ट के माध्यम से सत्य दिखायेंगे: सांसद विजय

**भिलाई।** दुर्ग सांसद विजय बघेल ने गुजरात में 2002 में घटी सत्य घटना पर बनी फिल्म 'साबरमती रिपोर्ट' आमजन को निःशुल्क दिखाने का संकल्प लिया है। जिसके तहत 22 नवंबर को फिल्म देखने इच्छुक लोगों को 12 बजे चंद्रा मौर्या टॉकीज में एकत्रित होने का आह्वान किया है । दुर्ग सांसद विजय बघेल ने कहा कि देश कुछ ही फिल्म निर्माता और निर्देशक है जिन्होंने सत्य पर आधारित घटना को साक्षात फिल्मांकन कर जन जन को दिखाने का साहस किया है, ऐसे निर्माताओं एवं निर्देशकों के साहस को सादर नमन करता हूं।



## निधन

### जे नागा राव

**भिलाई।** पदुम नगर, बीएमवाय चरोदा निवासी जे नागा राव उम्र 89 वर्ष का निधन 20 नवंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 21 नवंबर को चरोदा मुक्तिधाम में किया गया। वे रवि, रंगा व नाग वेंकट राव के पिता थे।



### गायत्री देवी

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र अग्निशमन विभाग के सेवानिवृत्त कर्मी देवराज सिंह की पत्नी गायत्री देवी उम्र 72 वर्ष का गुरुवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 22 नवंबर को सुबह 11 बजे आवास क्रमांक 3 सी, सड़क-18 सेक्टर-6 स्थित निवास से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अपने पीछे तीन पुत्र भाजपा नेता महेंद्र प्रताप सिंह बबलू, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, विक्रम सिंह और पुत्री रीसा सिंह सहित भरापूरा परिवार छोड़ गईं हैं।



### परिक्षेत्र निषाद समाज का जनजागरण एवं भूमिपूजन समारोह

# निषाद समाज मेहनती, ईमानदार और संघर्षशील है: पूर्व सीएम भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गुरुवार को अपने गृह विधानसभा पाटन के रानीतराई में कौही किकिरमेटा परिक्षेत्र निषाद समाज द्वारा जनजागरण एवं भूमिपूजन समारोह में सम्मिलित हुए। जिसमें 11.50 लाख के विकास कार्यों में जैतखाम, चबूतरा निर्माण विधायक निधि से 3 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण निषाद समाज 6.50लाख, हाईस्कूल में कलामंच जिप निधि 2लाख रुपए का भूमिपूजन किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सामाजिक बंधुओं के द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इसके पश्चात पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधायक कुंवर सिंह निषाद के द्वारा सियारामचंद्र, आराध्य देव भक्त गुहा निषादराज की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किए।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि निषाद समाज मेहनती, ईमानदार और संघर्षशील समाज है। सभी एक साथ जोड़ो आगे बढ़ो की रीति से काम करने की आवश्यकता है। सामाजिक रूढ़िवादी परंपरा है वो आज अप्रासंगिक हो गया है। ऐसे नियमों में बदलाव होना चाहिए इसके साथ ही नशा मुक्ति की ओर हमे बढ़ना चाहिए। शराब के साथ साथ लोग सुखा नशा कर रहे हैं। जिसके कारण प्रतिदिन रायपुर, दुर्ग, भिलाई सहित पूरे प्रदेश में हत्याएं, चाकूबाजी, बलात्कार हो रहा है। हमें समाज जन जागरण अभियान चलाने की आवश्यकता है।

**कार्यक्रम में विभिन्न विकास कार्यों के लिए किया भूमिपूजन**



बघेल ने आगे कहा सामाजिक उत्थान के लिए पहले समय में पैसे का महत्व नहीं था पहले लोग काम से जानते थे जिसे सामाजिक हित का ज्ञान, काम से उसी पहचान होती है। आज कलयुग में पैसा प्रधान हो गया है और छत्तीसगढ़ के लोग पैसा के ऊपर ज्यादा जोर नहीं देते हैं। पारिवारिक जीवन चल जाए इस पर जोर देते थे जिसके चलते उद्योग धंधों में बाहरी लोगों का कब्जा होता गया और हम लोग कमजोर होते गए।

जब हमारी पार्टी को मौका मिला तब हमने आर्थिक रूप से कैसे मजबूत हो इस पर कार्य किए इसके लिए सबसे पहले सत्ता में आने के बाद किसानों का कर्जा माफी किए, 2500रुपए में धान खरीदी किए, कोदो, कुटकी, रागी बोने वाले के लिए समर्थन मूल्य घोषित किए, घर चलाने के लिए सबसे जरूरी 'अनाज' है उसे 7 किलो से 35 किलो किए, बिजली बिल आधा किए थे, भूमिहीन मजदूरों को 7000 रुपए हमारी सरकार दे रही थी, गोठान की व्यवस्था कराए जिससे घुमंतू पशु को रखा जाए, जिसमें महिलाओं को रोजगार मिला जिसमें वर्मी कंपोस्ट, प्राकृतिक पेंट बनाएं इसमें 2 लाख महिलाएं प्रदेश में काम कर रहे थे ये सभी योजना आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए शुरू किए थे।

निषाद (केवट)समाज के प्रतिनिधियों द्वारा मछुआ नीति में परिवर्तन की मांग कर रहे थे जिसे हमारी सरकार ने मछली पालन को कृषि का दर्जा दिलाया जिससे खेत में मत्स्य पालन करने वाले को जीरो प्रतिशत ब्याज पर लोन मिलता था और कमर्शियल बिजली बिल नहीं लगता था। इस अवसर डॉ. घनश्याम निषाद जिला अध्यक्ष, संतोषी निषाद महिला जिला अध्यक्ष, देवकुमार निषाद अध्यक्ष तहसील निषाद समाज, अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िपं, पूर्व ओएसडी आशीष वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, सदस्य रमन टिकरिहा सभापति, निर्मल जैन सरपंच, वीरेंद्र निषाद, डॉ. ईश्वर निषाद, नारायण निषाद, जगत निषाद, देवश्री,तेजराम निषाद, मोती निषाद, डोमन लाल, तारिणी आदि उपस्थित थे।

### बिलासा देवी केंवट के नाम बिलासपुर एयरपोर्ट

बिलासपुर को बिलासा केवट ने बसाया है जिनके नाम से एयरपोर्ट का नाम 'बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट बिलासपुर' पर रखे हैं। प्रांताध्यक्ष एवं विधायक कुंवर सिंह निषाद ने समाज को संगठित होकर आगे बढ़ाने में सभी को जोड़कर जागरूकता लाने की आवश्यकता है। सामाजिक कुरीतियों, नशा के जनजागरुकता अभियान के साथ परिक्षेत्र, पंचगैहा में महिला, युवा प्रकोष्ठ का गठन कर सामाजिक आयोजन में सहभागिता निभाए। कार्यक्रम को ज़िपं उपाध्यक्ष अशोक साहू, वीरेंद्र निषाद जिला युवा अध्यक्ष ने भी संबोधित किया।

## महिला उत्पीड़न और हिंसा के खिलाफ सेमिनार का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶|अंडा

शाउमा विद्यालय रसमड़ा में एफएम सहयोगी रेडियो स्टेशन, थानौद के कार्यक्रम संचालक सीमा सिन्हा व सहयोगी मिनाक्षी के द्वारा महिलाओं के खिलाफ होने वाले घरेलु हिंसा, अत्याचार, यौन हिंसा व उत्पीड़न के खिलाफ एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शाउमा विद्यालय रसमड़ा में किया गया। कक्षा 10वीं, 11वीं व 12 वीं के बच्चों को घरेलु हिंसा के कारण व समाधान के बारे में विस्तार से चर्चा की गई । सीमा सिन्हा ने विभिन्न राज्यों ख़ासकर पंजाब, राजस्थान के शिक्षा प्रणाली व दहेज प्रथा के बारे बताया गया कि आज भी भारत के कुछ राज्यों में शिक्षा के आधार पर दहेज ली जाती है । व्याख्याता जयपाल सिंह गाँवरे ने भी बच्चों को भविष्य के प्रति आगाह किया कि लड़कियां जाने अनजाने में गलत कदम उठाकर माँ -बाप के सहमति के बैगर शादी कर लेती है बाद में आर्थिक समस्याओं के कारण परिवार टूट जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के द्वारा ही इन समस्याओं का समाधान हो सकता है । कार्यक्रम को वर्षा वर्मा, एनव्हीएस नलिनी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभारी प्राचार्य एमएल चंदेल, स्वर्णिलता, विष्णु नोर्के, रखमणी डाहरे, मालती मंडावी, सुधा हुमने, मानसिंह व करुणा ठाकुर का अहम योगदान रहा।

■ महिलाओं के खिलाफ होने वाले घरेलू हिंसा, अत्याचार व उत्पीड़न के खिलाफ जागरुकता कार्यक्रम

## पिपरछेड़ी स्कूल में मनाया विश्व शौचालय दिवस



**अंडा।** ग्राम पिपरछेड़ी शासकीय माध्यमिक विद्यालय में विश्व शौचालय दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में स्वच्छता और सफाई के व्यावहारिक पहलुओं पर जागरूकता के लिए छात्र-छात्राओं ने चित्रकला, रंगोली और नारा लेखन प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी विजेताओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कलेक्टिव्स फॉर इंटीग्रेटेड लाइवलीहुड इनिशिएटिव्स द्वारा दुर्ग शिवनाथ एक्सप्रेसवे प्राइवेट लिमिटेड के सीएसआर सहयोग से उपरोक्त स्कूल में स्वच्छता इकाइयों का उन्नयन और साथ में छात्रों व शिक्षकों का व्यावहारिक क्षमतावर्धन किया जा रहा है। इस अवसर पर बालकृष्ण ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत, बृजकिशोर शर्मा, संकुल समन्वयक, रेवती निषाद अध्यक्ष स्कूल मैनेजमेंट कमिटी, प्राचार्य और शिक्षक उपस्थित थे, जिन्होंने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और स्वच्छता शिक्षा के महत्व को दोहराया।

## मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज की कार्यकारिणी बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सेलूद

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को कुर्मी भवन पाटन में सीताराम वर्मा पूर्व केन्द्रीय अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य एवं केदार कश्यप राजमंत्री की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

बैठक की शुरुआत समाज के महापुरुषों छत्रपति शिवाजी महाराज, डॉ. खूबचंद बघेल एवं स्वामी आत्मानंद महाराज के तैलचित्रों में माल्यार्पण कर समाज दिवंगत आत्माओ को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। राजमंत्री केदार कश्यप ने बैठक में उपस्थित स्वजातियों को बताया कि राजप्रधान युगल किशोर आडिल शारिरिक अस्वस्थता के कारण आज बैठक में उपस्थित नही हो पाए इसलिए केन्द्रीय कार्यकारिणी की बैठक जो निर्णय लिया गया है। जिसको विस्तार से स्वजतियो के समक्ष रखा गया। केन्द्रीय कार्यकारिणी के द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी होने वाले राजधिवेशन कि सूची जारी कर दी गई है। जिसमें पहली अधिवेशन आगामी 22 दिसंबर को पाटन राज में होना निश्चित हुआ है। जिस पर तैयारी के संबंध में विस्तार से चर्चा किया गया। उपस्थित समस्त क्षेत्रप्रधानों एवं ग्राम प्रमुखों से अपील की गई है कि कोई भी क्षेत्र के ग्राम ईकाई यदि अधिवेशन कराना चाहते हैं तो एक सप्ताह के भीतर राज कार्यकारिणी को आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस वर्ष अनिवार्य चंदा जो कि केन्द्रीय अध्यक्ष चुनाव के समय 2023-24 के वित्तीय वर्ष में स्वजतियो से लिया गया है वह 2024-25 का है अतः आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनिवार्य वार्षिक चंदा पाटन राज के किसी भी सदस्यों से नही लिया जायेगा। राजकार्यकारिणी के द्वारा प्राप्त आवेदनों पर प्रकरण की सुनवाई किया गया। बैठक में विशेष रूप से सीताराम वर्मा पूर्व केन्द्रीय अध्यक्ष, केदार कश्यप राजमंत्री, भागवत वर्मा, विष्णु कुमार वर्मा केन्द्रीय प्रतिनिधि, इंद्र कुमार वर्मा, दानेश्वर वर्मा छात्रवृत्ति प्रभारी, युवाध्यक्ष राकेश आडिल,जस्सू जितेश वर्मा, बीरेंद्र वर्मा संगठन प्रभारी, योगेश्वर वर्मा, अभिषेक वर्मा, ब्रिज राज वर्मा आदि उपस्थित थे।

■ छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज का वार्षिक अधिवेशन 22 दिसंबर को

## राष्ट्रीय सेमिनार 'मंथन' का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶|सेलूद

शिक्षा के क्षेत्र में पारंपरिक शिक्षण एवं नवाचार के इष्टतम संगम और आधुनिक युग में शिक्षण चुनौतियों एवं उसके समाधान के उद्देश्य से प्रिज्म ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रांगण में तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार 'मंथन 2024' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के अलावा देशभर के अलग -अलग राज्यों से शिक्षा विधा से जुड़े विशेषज्ञ एक मंच पर मंथन करते नजर आए। सेमिनार में भौतिक और वर्चुअल रूप से लगभग 40 पीएचडी स्कॉलर ने भी भाग लिया। संस्था प्रमुख रूपेश कुमार गुप्ता ने सेमिनार में शामिल विशेषज्ञों और श्रोताओं को बताया कि प्रिज्म संस्थान की शुरुआत ग्राम महकाखुर्द में 2010 में ग्रामीण अंचल के युवाओं को उन्नत एवं किफायती शिक्षा और उनमें उद्यमता के विकास उद्देश्य से की गई थी। प्रिज्म संस्थान में एमबीए, बीएड, आईटीआई के साथ ग्रेजुएशन कोर्स जैसे बीए, बीएससी और पीजीडीसीए इत्यादि हिन्दी के साथ इंग्लिश माध्यम में भी संचालित है। संस्था के डायरेक्टर ख्याति साहू ने सेमिनार पर जानकारी देते हुए बताया कि विगत तीन वर्षों से प्रिज्म संस्थान राष्ट्रीय सेमिनार मंथन का आयोजन करता आ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि प्रिज्म संस्थान भारतीय शिक्षा प्रणाली और आधुनिक नवाचार के समायोजन से युवाओं को रोजगार उन्मुख शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रिज्म संस्थान राष्ट्रीय सेमिनार के साथ हर वर्ष युवाओं के लिए उड़ान नाम से ओपन प्लेसमेंट का आयोजन करता है जिसमें राज्यभर के सैकड़ों युवा रोजगार से जुड़ते है। सेमिनार में शामिल हुए अतिथियों सेमिनार के सफल आयोजन पर संस्था को बधाई देते हुए कहा कि प्रिज्म संस्था के शिक्षा पद्धति , शिक्षा पर राष्ट्रीय आयोजन और अपने उद्देश्य के कारण ही पाटन ब्लॉक में नेक से मान्यता प्राप्त चुनिंदा प्राइवेट संस्था में शामिल है। सेमिनार के मुख्य अतिथि रहे हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार भूपेंद्र कुलदीप ने सेमिनार के सफल आयोजन प्रिज्म परिवार को बधाई देते हुए युवाओं में कौशल विकास पर जोर दिया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में बौद्धिक परिचर्चा

**अंडा।** राष्ट्रीय सेवा योजना की सात दिवसीय विशेष शिविर डगनिया में बौद्धिक परिचर्चा के मुख्य वक्ता सुरेश साहू एसडीएम, कोमल ध्रुव तहसीलदार, संजय शुक्ला कार्यक्रम अधिकारी, शैलेश पांडे संकुल समन्वयक, डॉ. लीना साहू रासेयो जिला संघठन जिला बालोद मंच में उपस्थित थे। एसडीएम सुरेश साहू ने अपने वक्तव्य बताया। एसडीएम का कार्य व अनुभागी विभाग के बारे में व बच्चों के अपने लक्ष्य रखे और उसे पूरा करे। तहसीलदार ने बताया कि दिनचर्या में समाचार, जिला प्रदेश राजनीती प्रशासनिक पदों कि जानकारी रखे। कार्यक्रम अधिकारी शुक्ला ने एनएसएस के अनुभव के बारे में व गीतों को गुनगुना कर स्वयंसेवकों में एक नई ऊर्जा व देश प्रेम जागृत किये। साथ ही स्वयंसेवक परियोजना कार्य में शीतल मंदिर परिसर, शिविर स्थल के आसपास साफ-सफाई कार्य किया गया।



## धमधा भाजपा मंडल में सदस्यता अभियान जोरों पर: रोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमधा



भारतीय जनता पार्टी के देशव्यापी सदस्यता अभियान में इन दिनों प्रदेश भाजपा के आह्वान पर जिला, मंडल व बूथ स्तर पर सदस्यता अभियान तेजी से चल रहा है। इस सदस्यता मुहिम में धमधा भाजपा मंडल में सदस्यता अभियान में बहुत तेजी देखी जा रही है। धमधा भाजपा मंडल के अध्यक्ष रोहित राजपूत ने बताया कि पहली बार लोगों में भाजपा की सदस्यता लेने के लिए होड़ देखा जा रहा है वही हमारे प्रदेश भाजपा के गणमान्य पदाधिकारीयों एवं हमारे जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा और सजा विधानसभा के विधायक ईश्वर साहू के दिशा निर्देश व सहयोगियों सदस्यता अभियान को भव्यता प्रदान की जा रही है। खास कर अभी के युवा वर्ग भाजपा की सुशासन सरकार के कार्यों से प्रभावित हो कर सदस्यता लेने में सबसे आगे नजर आ रहे हैं। युवाओं ने इस बात को मन है कि पिछली सरकार ने युवाओं से पूर्ण रूप से छल किया था रोजगार के नाम पर धोखा दिया था युवा वर्ग अपराध और गैर कानूनी कार्यों में संलिप्त होते जा रहे थे। वही भाजपा की सरकार को बने मजह कुछ माह बस हुए है और युवाओं के लिए रोजगार के बहुत अवसर तैयार कर रही है जो भाजपा सरकार के युवा वर्ग में उत्थान के प्रति साफ नियत दिखाई पड़ रही है।यही सबसे बड़ा प्रभावशील मुद्दा है भाजपा से युवा वर्ग जुड़ रहा है। राजपूत ने बताया कि किसानों में सदस्यता अभियान को लेकर सबसे ज्यादा उत्सुकता दिखाई दे रही है जिसका एकमात्र कारण है किसानों को उनके एक एक दाने का पैसा वो भी किए गए वायदे के अनुसार देना। पूर्व में कांग्रेस सरकार के द्वारा किसानों के धन बिक्री के दिनों में जबरदस्ती उनका रकबा कटा देना, खाद की कालाबाजारी करके अधिक मुनाफा के चक्कर में दाम बढ़ा देना,जबरदस्ती गुणवत्ताहीन कंपोस्ट खाद को किसानों को थोपना और धान बिक्री के समय बारदाना जैसे सामग्री की जमाखोरी कर किसानों को विक्रय करने जैसे कई मामलों में पूर्व सरकार ने किसानों को छला है जिसके कारण भाजपा के सुशासन नीयत वाली सरकार से जुड़ रहे है।

समक्ष :- श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय दुर्ग (छ.ग.)

-:: शपथ पत्र ::-

मैं श्रीमती प्रतीक्षा मेहता (PRATIKSHA MEHTA) पति श्री अपूर्व मेहता उम्र 30 वर्ष निवासी-मिनाक्षी नगर, भूतपूर्व गृहमंत्री निवास के पास दुर्ग तह दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.) की हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक पेश करती हूँ :-

1. यह कि मै उपरोक्त दर्शित पते पर निवास करती हूँ।
2. यह कि मेरा विवाह के पूर्व मेरा नाम प्रतीक्षा श्रीवास्तव (PRATIKSHA SHRIVASTAVA) पिता श्री देवेन्द्र श्रीवास्तव निवासी- 13 देव नगरी, माँ की बगिया गेट के पीछे रायपुरा जिला रायपुर छ.ग. के नाम से जानी व पहचानी जाती थी। एवं आधार कार्ड एवं मेरे स्कूल प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेजो पर प्रतीक्षा श्रीवास्तव (PRATIKSHA SHRIVASTAVA) पिता श्री देवेन्द्र श्रीवास्तव अंकित है।
3. यह कि मेरा विवाह श्री अपूर्व मेहता पिता श्री नागेन्द्र प्रसाद मेहता के साथ दिनांक 16/11/2024 को संपन्न हुआ है। यह कि मेरा नाम विवाह के बाद प्रतीक्षा मेहता (PRATIKSHA MEHTA) पति श्री अपूर्व मेहता हो गया है।
4. यह कि मुझे अब प्रतीक्षा श्रीवास्तव (PRATIKSHA SHRIVASTAVA) पिता श्री देवेन्द्र श्रीवास्तव के स्थान पर श्रीमती प्रतीक्षा मेहता (PRATIKSHA MEHTA) पति श्री अपूर्व मेहता निवासी - मिनाक्षी नगर, भूतपूर्व गृहमंत्री निवास के पास दुर्ग तह दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.) के नाम से जाना पहचाना जावें एवं आगे कि अन्य समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजो पर श्रीमती प्रतीक्षा मेहता (PRATIKSHA MEHTA) पति श्री अपूर्व मेहता के नाम पर दर्ज किया जावें।

शपथकर्ता
प्रतीक्षा मेहता














विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### उत्कृष्ट दुर्ग में मोहलाई शाला प्रथम, मिला सम्मान

**भिलाई।** स्कूल शिक्षा विभाग जिला दुर्ग द्वारा उत्कृष्ट दुर्ग कार्यक्रम के तहत त्रैमासिक कक्षावार परीक्षा परिणाम में कक्षा दसवीं के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम में शासकीय हाई स्कूल मोहलाई को प्रथम स्थान मिला। इसके लिए साक्षरता भवन दुर्ग में आयोजित सम्मान समारोह में शासकीय हाई स्कूल मोहलाई के प्राचार्य लखन लाल साहू का सम्मान किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग की ओर से गोविंद साव विकासखंड शिक्षा अधिकारी दुर्ग ने सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेक्टर दुर्ग के प्रतिनिधि के रूप में प्राची तुमसरे जिला समन्वयक विनोबा एप, शेफाली सोनी प्राचार्य, श्रवण सिन्हा सीएसी उपस्थित थे। इस सम्मान के लिए जिला शिक्षा हुए अधिकारी अरविंद मिश्रा एवं बीईओ गोविंद साव सहित उपस्थित प्राचार्यों , व्याख्याताओं, सीएसी ने बधाई दिए। कार्यक्रम में प्राचार्य, प्रधान पाठक सीएसी सहित सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रही।

### चिखली में निःशुल्क चिकित्सा शिविर



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग एवं जिला चिकित्सालय दुर्ग के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम चिखली में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डां. निषी मिंज, फार्मासिस्ट गौर, नर्स प्रभा सैम्युअल, शंभु दयाल तथा जिला चिकित्सालय दुर्ग से डां. ओमेष्वरी साहू, निर्मल टंडन, प्रीति ठाकुर, नीता यादव, के उमा राव, देवराज टिकारिया, माया साहू, निरंजनी साहू, रूपमती सारथी, केसरी साहू एवं सीएसआर विभाग से श्री बुधेलाल उपस्थित थे। इस शिविर में 76 महिला, 18 पुरूष तथा 6 बच्चे सहित कुल 100 लोगों की जांच कर, उन्हें दवाई का वितरण किया गया। प शिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच के अतिरिक्त निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई।

### ऑडिट और ऑडिटी का संबंध प्रोफेशनल हो: दासगुप्ता



**भिलाई।** भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग के वाणिज्यिक लेखापरीक्षा कार्यालय, भिलाई द्वारा आयोजित ऑडिट सप्ताह समारोह बीएसपी के मानव संसाधन विकास विभाग के सभागार में संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता के मुख्यातिथ्य में शुरु हुआ। कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, डां. एके पंडा, एस मुखोपाध्याय, निदेशक (ऑडिट कार्यालय) एम एस डहरिया, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी सुधीर हरने सहित वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। श्री दासगुप्ता ने कहा कि स्कूली परीक्षा भी ऑडिट का ही स्वरूप होता है। ऑडिट द्वारा कार्यों का स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मूल्यांकन किये जाने से हेलीकॉप्टर व्यू मिलता है। ऑडिट और ऑडिटी का सम्बन्ध प्रोफेशनल होना चाहिए। डहरिया ने नियंत्रक-महालेखा परीक्षक (कैग) के 166 वर्षों के इतिहास एवं संवैधानिक स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने कहा की कैग, भारत का सुप्रीम ऑडिट संस्थान है, जो लोकहितार्थ और सत्यनिष्ठा के आदर्श वाक्य को चरितार्थ करता है। सुधीर हरने द्वारा ऑडिट सम्बन्धी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में उपस्थित ऑडिट इकाइयों के अधिकारियों छत्तीसगढ़ ईस्ट रेलवे लिमिटेड, रायपुर की चीफ फाइनेंसियल आफिसर प्रियंका तन्ना, एनएसपीसीएल भिलाई के जीएम आलोक सिंह और डां. पंडा द्वारा ऑडिट सम्बंधित अनुभव साझा किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार वर्मा व वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी चितरंजन सारंगी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मैत्रीबाग पहुंचकर रोमांचित हुए राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष

## शेर को करीब से देख याद आया वनांचल का अपना गांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

देश के आदिवासियों और दलितों के कल्याण तथा देश की राजधानी की सियासत में मसरुफ रहने वाले राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष आज एक यादगार रोमांचकारी अनुभव से गुजरे। कांक्रीट के जंगल से परे अरण्यनुमा पेड़ों के झुरमुट में जब उन्होंने एकदम करीब से शेरों को देखा तो रोमांच से भर उठे और उन्हें वर्षों पुराना वनांचल से घिरा अपना गांव याद आ गया। अपने खास मेहमान की खुशी देख मेहमाननवाजी करने वाले फौलादी अफसरों की भी खुशी का ठिकाना नहीं था।

दरअसल श्री आर्य को शेर के नजदीकी नजारे का यह रोमांचक तजुर्बा किसी जंगल में नही बल्कि मैत्रीबाग में हुआ। अपने एक दिवसीय प्रवास पर इस्पातनगरी भिलाई पहुंचे श्री आर्या को मैत्रीबाग जू का भ्रमण कराया गया। उनके साथ भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार और मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता और महाप्रबंधक और मैत्रीबाग प्रभारी डां. एनके जैन भी थे। प्रकृति की छांव में अपने घंटे भर के मैत्रीबाग के विजिट के दौरान श्री आर्या चिड़ियाघर के वन्य प्राणियों और खूबसूरत फुलवारियों को देखकर खासे प्रभावित हुए। उन्होंने मैत्रीबाग को नीट एंड क्लीन और बेहतर रखरखाव के लिए उद्यानिकी विभाग और प्रबंधन की सराहना की। खासकर जू के दुर्लभ प्रजाति के सफेद बाघों को एकदम करीब से देख खासे रोमांचित और खुश हुए। वे अपने पोखर में जलक्रीड़ा करते खूबसूरत पेलिकान बर्ड को देख भी रोमांच से भर उठे। उन्होंने अधिकारियों को बताया कि सालों पहले उनके गांव के निकट जंगल में भी शेरों का डेरा हुआ करता था। मैत्रीबाग देखकर हराभरा गांव याद आ गया।



### हुआ भावभीना स्वागत

मैत्रीबाग पहुंचने पर श्री आर्या का उद्यानिकी प्रमुख डां. जैन ने मैत्रीबाग के फूलों से बना गुलदस्ता भेंटकर भावभीना स्वागत किया। उनके साथ आए ईडी पवन कुमार और नगर सेवाएं प्रमुख उत्पल दत्ता का भी बुके देकर स्वागत किया । विजिट के बाद शंकर लान में गर्म समोसे और अदरक वाली चाय की चुस्कियों के बीच रुटीन प्रशासनिक कामकाज से परे सभी का गुजरा वक्त यादगार रहा। आयोग के अध्यक्ष को डां. जैन ने पचास साल पुराने बीएसपी के मैत्रीबाग की प्रसिद्धि और भव्य फ्लावर शो के बारे में बताया तो वे विभोर हो गये।

## इंटक ने बीएसपी प्रबंधन से की मांग, सर्वे के दौरान न हो दिक्कत

# टाउनशिप के क्वार्टरों की जल्द हो मरम्मत, कर्मियों को परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक ने भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन से टाउनशिप जर्जर आवासों की मरम्मत कराने के साथ क्वार्टरों के दौरान कर्मियों की समस्या के निदान की मांग की है। साथ बी बीएसपी के गेट की सभी गैलरी पंद्रह मिनट पूर्व खोले जाने की मांग की है। यूनियन के सचिव ताम्रध्वज सिंहा ने कहा कि टाउनशिप में विभागीय लोग क्वार्टर एलॉटी का सर्वे करने के लिए कुछ लोग आते हैं, जिनका कहना है कि उन्हें टाउनशिप प्रबंधन ने अधिकृत किया है। वे एंप्लॉय के आधार कार्ड की कॉपी लेकर जा रहे हैं। प्रबंधन क्या इस बात की गारंटी लेगा कि कर्मचारियों के इस आधार कार्ड का दुरुपयोग नहीं होगा? कर्मचारी हित में इस समस्या के निदान की जरुरत है। इसके अलावा सीआईएसएफ जवान

### शिफ्ट के समय बीएसपी गेट की सभी गैलरी 15 मिनट पूर्व खुलें



#### चौराहों के गड्ढों को भरें

सचिव गोविंद राठौड़ ने कहा कि टाउनशिप में अधिकांश क्वार्टरों के छज्जे डैमेज हो चुके हैं । इससे रहवासियों को परेशानी के साथ दुर्घटना का अंदेशा भी बना रहता है। एक विशेष स्कीम के चलाकर प्रबंधन इन छज्जों का मेंटेनेंस कराये, ताकि बरसात में बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके । इसी तरह टाउनशिप के अधिकांश चौराहों पर केबल बिछाने के लिए गड्ढे खोद दिए गए हैं । लेकिन उन्हें कई महीना होने के बाद भी भरा नहीं गया है यहां अक्सर दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है । टाउनशिप प्रबंधन और पुलिस प्रशासन सड़क सुरक्षा को लेकर बड़े-बड़े दावे करता लेकिन लापरवाह बना हुआ। चौराहों व सड़कों के गड्ठों का जल्द भरा जाए।

ड्यूटी टाइम शुरू होने के 5 मिनट बाद ही बीएसपी गेट की गैलरी बंद कर मात्र दो गैलरी ही खुला रखते हैं । इससे गेट पर भीड़ लग जाती है। ड्यूटी शुरू होने के 15 मिनट बाद तक सभी गैलरी खुली होनी चाहिए ।

#### सफाई व आवारा मवेशियों पर दें ध्यान

यूनियन ने टाउनशिप में चरमराती सफाई व्यवस्था पर भी प्रबंधन का ध्यानाकर्षित किया है। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि टाउनशिप के अधिकांश सेक्टरों के प्रमुख मार्गों के साथ क्रास स्ट्रीट और आवासीय ब्लाकों के सामने आवारा मवेशियों की समस्या बढ़ रही है। इससे अस्वच्छता के साथ दुर्घटनाएं भी बढ़ रही हैं। वहीं कई सेक्टरों मे क्रास स्ट्रीट के किनारे कचरे व सूखी झाड़ियों के ढेर लगे हैं। डस्टबीनों से भी कई दिनों तक कचरा नहीं उठाने से गंदगी से लोग परेशान हैं। आवारा मवेशी कचरा फैलाते रहते हैं। नियमित सफाई के साथ आवारा मवेशियों की समस्या का भी जल्द निदान हो।

## शिक्षा से ही ऊपर उठेगा आदिवासियों का जीवन स्तर : अंतर सिंह आर्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई




■ दिल्ली में होगा जनसंवाद कार्यक्रम, मिलेगा लाभ

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ( एनसीएसटी) के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्या ने कहा है कि शिक्षा ही एकमात्र माध्यम है जो आदिवासियों के जीवन स्तर को ऊपर उठाएगा। इसीलिए प्रत्येक आदिवासी ब्लॉक में 4 से 5 एकलव्य आदिवासी आश्रम होने चाहिए। आयोग जल्द ही आदिवासी वर्ग के लिए युवा संवाद और जन संवाद का कार्यक्रम नई दिल्ली में प्रधानमंत्री के साथ आयोजित करेगा। एक दिवसीय प्रवास पर भिलाई आए आर्या ने भिलाई निवास में प्रेस कान्फ्रेंस मेंकहा कि 13 मार्च को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष पद का पदभार संभालने के बाद से ही वह पूरे देश के दौरा कर रहे हैं। आदिवासियों तक केंद्र सरकार की योजना सीधे पहुंच रही है अथवा नहीं इसकी समीक्षा कर रहे हैं । भिलाई इस्पात संयंत्र में भी हजारों की संख्या में आदिवासियों को रोजगार प्राप्त हुआ है। आदिवासियों के लिए भारतीय संविधान में निर्धारित रोस्टर का पालन हो रहा है कि नहीं इसकी समीक्षा करने के लिए बीएसपी भिलाई आए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रत्येक वर्ग की समस्याओं से भली भांति परिचित हैं। विशेष पिछड़ी आदिवासी वर्ग के लिए जनमन योजना बनाई गई है। विशेष कर बैगा आदिवासियों के लिए यह योजना लागू की गई है। धरातल पर जाकर हमने इस योजना की समीक्षा भी की है। विशेष कर मध्य प्रदेश के डिंडोरी एवं मंडला क्षेत्र में इस योजना के तहत कार्य हो रहे हैं।

### आदिवासी ब्लॉक में बने 6 एकलव्य आवासी आश्रम

श्री आर्य ने कहा कि वन्य ग्राम के तहत फॉरेस्ट विभाग को अधिकार प्राप्त थे लेकिन अब वन्य ग्राम को राजस्व ग्राम बना दिया गया है और जो आदिवासी इन क्षेत्रों में खेती किसानी कर रहा है उन्हें चार हेक्टेयर भूमि अर्थात 10 एकड़ जमीन उपलब्ध कराई जा सके ऐसे प्रयास हैं। उनके पास 30 से 35000 अभी आवेदन प्राप्त है, जिनकी समीक्षा की जा रही है। रिमोट एरिया में जहां नेटवर्क की समस्या थी उसके लिए कलेक्टर के साथ बैठक कर मोबाइल टावर लगाने के लिए कहा गया है ताकि नेटवर्क की समस्या भी दूर हो सके। शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है, जिससे आदिवासियों का विकास हो सकता है। प्रत्येक आदिवासी ब्लॉक में 5 से 6 एकलव्य आवासी आश्रम होने चाहिए ।

## कार्मिकों को दिलाई मिशन लाइफ की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

■ बीएसपी में पर्यावरण जागरूकता माह

भिलाई इस्पात संयंत्र में पर्यावरण जागरूकता माह संपन्न हुआ। संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने 19 नवंबर को इस्पात भवन में आयोजित समारोह में कार्यपालक निदेशकों और वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में आसमान में गुब्बारे छोड़कर पर्यावरण जागरूकता माह शुरु किया था। सभी को मिशन लाइफ की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि इस्पात निर्माण कार्य ऊर्जा-गहन हैं और उत्सर्जन उत्पन्न करते हैं, जिससे वायु और जल प्रदूषण, अपशिष्ट प्रबंधन जैसी चुनौतियाँ उत्पन्न होती हैं। इस अवसर पर सिंटर प्लांट-3 मशीन-1 क्षेत्र में कार्यपालक निदेशक प्रभारी अंजनी कुमार तथा मुख्य महाप्रबंधकों द्वारा पौधे रोपे गए। स्वागत भाषण उमा कटोच ने दिया।

पर्यावरण जागरूकता माह के तहत निबंध लेखन, ड्राइंग और पेंटिंग प्रदर्शनी , संयंत्र के विभिन्न विभागों और शॉप्स में पर्यावरण रैलियां, पोस्टर प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी, विभिन्न दुकानों, बाजारों, स्कूलों में नुक्कड़ नाटक व मैराथन जैसी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। पर्यावरण जागरूकता माह के उद्घाटन समारोह में कार्यपालक निदेशक प्रभारी अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक एके चक्रवर्ती, डां. अशोक कुमार पंडा, बिपिन कुमार गिरी, डां. एम रवींद्रनाथ, का पी के सरकार, निशा सोनी, सेफी चेयरमेन एन के बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह, महाप्रबंधक प्रभारी उमा कटोच, महाप्रबंधक के प्रवीण व संजय कुमार आदि वरिष्ठ अधिकारीउपस्थित थे।

## नशे की हालत में पथराव, हंगामा करने वाले 12 से ज्यादा लोगों पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

■ सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपियों की पहचान की जा रही

स्मृतिनगर पुलिस चौकी में नशे की हालत में पथराव और हंगामा करने वालों की पहचान की जा रही है। पुलिस ने इस मामले में 12 से ज्यादा आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। सीसीटीवी कैमरे की मदद से अन्य आरोपियों की भी पहचान की जा रही है। आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 191(2), 296, 121, 121(3), 132 (2) एवं लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम 3 के तहत कार्रवाई की गई है। जानकारी के मुताबिक आरोपियों ने पुलिस चौकी में तोड़फोड़ का भी प्रयास किया। बहरहाल इस मामले में पुलिस की जांच जारी है। आरोपियों के नामों का खुलासा नहीं किया गया है। बता दें कि डेरा बस्ती फरीदनगर निवासी पिंटू नेताम को पुलिस ने महीनेभर पहले लूट के एक मामले में गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वह जेल में था। पिछले दिनों उसकी तबीयत बिगड़ी। इसके बाद उसे मेकाहारा रायपुर रिफर किया गया। जहां वह कोमा में चला गया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने उससे मारपीट की। इसी बात को लेकर परिजनों ने स्मृतिनगर चौकी में हंगामा शुरू कर दिया। 100 से अधिक लोगों पुलिस चौकी पहुंच गए। आरोपियों ने नशे की हालत में पुलिस से हुज्जतबाजीकी। पुलिस अधिकारियों से धक्का-मुक्की की। इसके बाद भीड़ को तितर-बितर करने पुलिस को लाठियां भांजनी पड़ी। घटना में कुछ लोगों को चोट भी आई। इस मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। बहरहाला मामले में जांच जारी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने पत्थरबाजी की। इस दौरान पुलिस विभाग के एक सिपाही को भी चोट आई। बेकाबू होते प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए हल्का बल प्रयोग किया गया।




### सीजीएम इंचार्ज दासगुप्ता आईआईएम-टीएसएल न्यू मिलेनियम अवार्ड से हुए सम्मानित

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता को बेंगलुरु में आयोजित आईआईएम की वार्षिक तकनीकी बैठक में भारतीय धातु संस्थान द्वारा ब्लास्ट फर्नेस आधारित आयरन मेकिंग के क्षेत्र में मौलिक योगदान के लिए आईआईएम-टीएसएल न्यू मिलेनियम अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह पुरस्कार आईआईएम के अध्यक्ष सज्जन जिंदल, आईआईएम के उपाध्यक्ष बीएस मूर्ति, आईआईएम की उपाध्यक्ष डॉ. कोमल कपूर और आईआईएम के कोषाध्यक्ष सोमनाथ गुहा द्वारा प्रदान किया गया।ट्रांसफॉर्मेशनल टेक्नोलॉजीस इन मटेरियल्स एंड मैन्युफैक्चरिंग पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैय्या पुरस्कार वितरण समारोह में उपस्थित थे।












हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 22 नवंबर 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

74154-69100, Message at - 9755819129

02




वैदिक गणित व चित्रकला स्पर्धा से बच्चों का हुआ बौद्धिक विकास

## लाइव इवेंट

## कल्याण कॉलेज ने ठोंके 271 रन, खेरदा 59 रन पर ढेर



**भिलाई।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा दुर्ग सेक्टर अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन कल्याण कॉलेज मैदान में किया जा रहा है। गुरुवार को प्रतियोगिता के अंतर्गत दो मैच खेले गए। पहला मैच रुंगटा आर-1 और साइंस कॉलेज के बीच हुआ। रुंगटा महाविद्यालय आर 1 ने तीन विकेट से यह मैच जीत लिया। साइंस कॉलेज ने 103 रन बनाए। इसमें भूपेंद्र ने 40 रन, विवेक पात्रे ने 17 रन, गोविंद रात्रे ने 13 रन की पारी खेली। रुंगटा आर-1 से पुनीत कोसरे एवं प्रणय ने तीन-तीन विकेट लिए। सुमित रे ने दो विकेट लिए। जवाब में बैटिंग करने उतरी रुंगटा की टीम ने सात विकेट पर 104 रन बना लिए। दूसरा मैच कल्याण महाविद्यालय और गवर्नमेंट नवीन महाविद्यालय खेरदा बालोद के बीच खेला गया। मैच में कल्याण महाविद्यालय ने 271 रन बनाए। कल्याण कॉलेज ने यह मैच 212 रन से जीता। दिग्विजय पटेल 89 रन, देवराज 57 रन, देव आदित्य सिंह ने 40 रन की पारी खेली। खेरदा महाविद्यालय की टीम 59 रन ही बना सकी। कल्याण महाविद्यालय से मनराज सिंह ने चार विकेट, रोहन टांक एवं देव आदित्य सिंह ने दो-दो विकेट लिए। मैच के अंपायर राणा प्रताप सिंह, पीयूष साहू, कौशल वर्मा एवं अशोक रिगरी थे। स्कोरर विनोद देवघरे थे।

- कल्याण कॉलेज मैदान में अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

● प्राकृतिक चिकित्सा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी

# नगपुरा प्राथमिक चिकित्सा प्रदेश का पहला संस्थान जिसने पुरानी पद्धति को किया जीवित, भारत ज्ञान-विज्ञान की खान

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल गुरुवार को नगपुरा स्थित प्राकृतिक चिकित्सा संस्था पहुंचे। उन्होंने प्राकृतिक चिकित्सा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में योगा एवं प्राकृतिक शिक्षा के 35 शिक्षकों के पद भरे गए हैं। आने वाले दिनों में और भी भर्तियां की जाएंगी। केंद्र सरकार द्वारा आन्ध्रा, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में 100 बिस्तर प्राकृतिक चिकित्सा अस्पताल स्वीकृति दी है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने कहा कि इसके लिए शासन स्तर पर प्रयास किया जा रहा है।



**दुर्ग।** मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल गुरुवार की दोपहर महावीर प्राकृतिक एवं योग चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय नगपुरा पहुंचे। इससे पूर्व उन्होंने श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ मंदिर में भगवान पार्श्वनाथ के दर्शन किए। विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर मौजूद थे। जायसवाल ने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में कार्य करने वाली यह संस्थान प्रदेश की पहली संस्था है, जिसने पुरातन चिकित्सा पद्धति को पुर्नजिवित किया है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति कोई नई विधा नहीं है। आज हमें अपनी पुरातन चिकित्सा पद्धति की ओर ही लौटना होगा। भारत ज्ञान-विज्ञान की खान है। विश्व गुरू के रूप में भारत ने हर क्षेत्र में विश्व को ज्ञान दिया है। योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति का भारत पुरातन काल से वाहक रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आने वाला समय योग और प्राकृतिक शिक्षा का है। इस चिकित्सा पद्धति का भविष्य उज्ज्वल है। जायसवाल ने छत्तीसगढ़ में मेडिकल टूरिज्म पर जोर देते हुए प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति को पर्यटन से भी जोड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को मेडिकल ट्यूरिज्म के रूप में पहचान मिले। उन्होंने प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के अवसर पर सभी को अपनी शुभकामनाएं दी।



### नगपुरा प्राचीन काल से ही ऐतिहासिक धरा: ललित चंद्राकर



### मुंबई, कलकत्त और अहमदाबाद से भी लोग पहुंचे



इस अवसर पर तीर्थपति को पुष्प, श्रीफल समर्पित कर आरती उतारकर भक्ति की गई। मंत्री ने मुम्बई- कलकत्ता, अहमदाबाद आदि स्थानों के यात्रियों से मुलाकात की। तीर्थ के मुख्य प्रवेश द्वार पर अंजोरा भाजपा मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, किसान मोर्चा अध्यक्ष नंदकुमार निर्मल कर, मंत्री चेतन साहू, ओमेश्वर यादव , महमरा सरपंच शिव निषाद ने स्वागत किया। सचिव संतोष यादव ने तीर्थपति की प्रतिमा दर्शनार्थ भेंट की। इस अवसर पर आरोग्यम नगपुरा के चिकित्सक डॉ. दानेश्वर टंडन, डॉ. आदित्य उपाध्याय, डॉ. दिव्या रात्रे, साधकगण, वर्धमान गुरुकुल नगपुरा के शिक्षक एवं विद्यार्थी, जितेन्द्र देशमुख, पुरूषोत्तम साहू, टुमन देशमुख, बेनी साहू, किरण दोशी आदि मौजूद थे।

विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि नगपुरा के ऐतिहासिकधरा में संचालित इस प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय में हम सातवां प्राकृतिक चिकित्सा दिवस मना रहे है। प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से देश की विश्व में पुरातन काल से पहचान रहीं है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से हर बीमारी का इलाज संभव है। यह हमारी पुरातन पद्धति है। अब इसका इस्तेमाल बेहतर तरीके से किया जा रहा है। इसमें अपार संभावना है। कॉलेज के संचालक डॉ. आरके श्रीवास्तव ने गतिविधियों को रेखांकित किया। प्राकृतिक चिकित्सक डॉ. प्रेमलाल पटेल ने प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। इससे पूर्व अतिथियों ने भगवान धनवन्तरी, सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## सिटी इवेंट

## सेन समाज के पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र का किया वितरण



**दुर्ग।** दुर्ग जिला सेन समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सेन भवन शक्ति नगर दुर्ग में समारोह पूर्वक नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष भीखम सेन, उपाध्यक्ष बालेश्वर सेन, कोषाध्यक्ष अनिल सेन, सचिव अमित कौशिक और सहसचिव मंथीर सेन को विधिवत निर्वाचित घोषित कर नियुक्ति पत्र सौंपा गया। निवृत्तमान प्रभारी जिला अध्यक्ष विजय सेन ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष भीखम सेन को अपना कार्यभार सौंपा। उल्लेखनीय है कि सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रांत सेन समाज के प्रांताध्यक्ष पुनीतराम सेन, सचिव भुवनलाल कौशिक, केश शिल्प बोर्ड के चेयरमेन नंदकुमार सेन, पूर्व प्रांताध्यक्ष भूपेंद्र शंकर सेन, पूर्व प्रांताध्यक्ष विनोद सेन, महिला ईकाई की प्रांताध्यक्ष मोना सेन विशेष रूप से मौजूद थे। सभी ने अपने संबोधन में निर्विरोध निर्वाचन के लिए खुशी जाहिर की और बेहतर चुनाव संचालन के लिए निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता हरेंद्र उमरे, विमल सेन और उनके सहयोगियों की प्रशंसा की। सभी ने यह उम्मीद जताई कि नई टीम समाज हित में बेहतर काम करेगी और दुर्ग जिला का नाम रोशन करेगी। सभी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष भीखम सेन ने कहा कि वे सभी वरिष्ठजनों से मार्गदर्शन लेकर सामाजिक समरसता बनाकर काम करेंगे। समाज के सभी वर्ग का ध्यान रखेंगे। उन्होंने अध्यक्ष चुनने के लिए सभी का आभार जताते हुए सभी से सहयोग की अपेक्षा की। कार्यक्रम का शुभारंभ सेनजी महाराज कं मंदिर में पूजा अर्चना कर की गई।

- शक्तिनगर स्थित सेनभवन में कार्यक्रम का आयोजन

## बालोत्सव में प्रतियोगिताएं, प्रतिभावान विद्यार्थियों का किया गया सम्मान



**भिलाई।** जेपी नगर कैंप-2 स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छत्तीसगढ़ बालोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लक्ष्मीनिलयम फाउंडेशन और शासकीय शिक्षा विभाग का विशेष योगदान रहा। प्रधानाचार्या बी. केरकेट्टा के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लक्ष्मीनिलयम फाउंडेशन के निदेशक बी. मारीअन्ना और वरिष्ठ नागरिक व बीईसी के सेवानिवृत्त राम बहादुर प्रजापति उपस्थित थे। इनके साथ फाउंडेशन के मुख्य परिचालन अधिकारी सीईओ अरुण कुमार निषाद, श्रमिकेतन विद्यालय के संगीत शिक्षक सोनेन्द्र साहू और फाउंडेशन के मुख्य सुरक्षा प्रमुख अजय सिंह भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ बी. मारीअन्ना के प्रेरणादायक शब्दों से हुआ। बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए निःशुल्क रंगीन किट और गिफ्ट्स वितरित किए गए। इस आयोजन में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं हुई, जिनमें सरकारी और निजी विद्यालयों जैसे उदय भास्कर और श्रमिकेतन एसीसी जमुल के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सरकारी विद्यालय के शिक्षक ए. सेन, व्याख्याता वाई. महावाड़ी और अरुण सर का भी विशेष योगदान रहा। इस भव्य आयोजन ने बच्चों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। लक्ष्मीनिलयम फाउंडेशन और सभी सहयोगियों के प्रयासों की सराहना की गई।

## पर्यावरण संतुलन के लिए जागरुकता जरूरी वक्ताओं ने आर्थिक विकास पर भी रखे विचार



**दुर्ग।** स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय (साइंस कॉलेज) के भूगोल एवं अर्थशास्त्र विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में विषय विशेषज्ञ के रूप में भूगोल विभाग शासकीय महाविद्यालय खंडोला मार्सिला गोवा के प्रो. प्रबीर रथ एवं अर्थशास्त्र विभाग शासकीय विज्ञान एवं कला महाविद्यालय संकुलिम गोवा की प्रो. सीमा रथ शामिल हुए। प्रबीर रथ ने इको सिस्टम एवं बायो डायवर्सिटी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमें समाज के विकास के लिए संसाधनों का समुचित विकास करना आवश्यक है। उन्होंने खनिजों के दोहन, पर्यावरण प्रदूषण और पर्यटन के विकास पर प्रकाश डाला। सीमा रथ ने आर्थिक विकास, पंचवर्षीय योजना एवं नीति आयोग की भूमिका पर विचार रखे। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. अजय सिंग, डॉ. अनिल मिश्रा, डॉ. के पद्मावती, प्रशांत दुबे, डॉ.कीर्ति पांडे, डॉ. ओम कुमारी वर्मा, डॉ. वंदना यादव, प्रीति चंद्राकर, डॉ. नीता मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

## सिटी इवेंट

## सत्तीचौरा में काल भैरव जयंती कल मनेगी, होगा महाभिषेक

**दुर्ग।** सत्ती चौरा मां दुर्गा मंदिर गंजपारा में 23 नवम्बर शनिवार को काल भैरव बाबा की जयंती मनाई जाएगी। मंदिर के मुख्य पुजारी पं. सुनील पाण्डेय ने बताया कि सुबह 9 बजे कलश व दीप स्थापना, 10 बजे भैरव बाबा का महाअभिषेक, हवन, पूर्णाहुति व आरती की जाएगी। इसी क्रम में शाम को साढ़े सात बजे श्री भैरव बाबा की 101 दीपों एवं पूजा थाल से महाआरती की जाएगी। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। भैरव बाबा जयंती से आगामी 41 दिन तक श्री भैरव चालीसा का पाठ करने से सारे रोग, दोष दूर होते हैं और सुख शांति की प्राप्ति होती है।



कॉन्क्लेव-2024 में मिला सम्मान, संस्था नई तकनीकी समाधान प्रदान करने कटिबद्ध

# डीएसआईआर-सीआरटीडीएच को प्लेक ऑफ ऑनर, पेंट, डाई, पिगमेंट व फार्माकोलॉजिकल क्षेत्रों में होंगे नए रिसर्च

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** आईआईटी भिलाई में कॉन्क्लेव-2024 का आयोजन किया गया। इसमें डीएसआईआर-सीआरटीडीएच-आईआईटी भिलाई को प्लेक ऑफ ऑनस नवाजा गया। आयोजित कार्यक्रम में संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि आईआईटी भिलाई कॉमन रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट हब वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर) के बीच एक महत्वपूर्ण सहयोगी प्रयास का प्रतिनिधित्व करता है। यह अत्याधुनिक हब रणनीतिक रूप से रासायनिक प्रक्रियाओं में प्रगति को सुविधाजनक बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो रासायनिक उद्योग, विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सहायता प्रदान कर रहा है।

### उन्नत तकनीक और समस्याओं के समाधान पर फोकस वर्किंग




वक्ताओं ने कहा कि नियमित रूप से डीएसआईआर-सीआरटीडीएच-आईआईटी भिलाई उद्योगों को उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप उन्नत तकनीकी समाधान प्रदान कर रहा है। उन्हें सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह प्रवाह और अपशिष्ट उपचार, प्रक्रिया अनुकूलन और नए रासायनिक उत्पादों के विकास जैसे क्षेत्रों में सहायता करता है। इसके अलावा यह हब मध्यवर्ती उत्पादों और कच्चे माल के परीक्षण से संबंधित सेवाएं प्रदान करता है। औद्योगिक सहयोग को मजबूत करने की दृष्टि से, यह आईआईटी भिलाई की व्यापक विशेषज्ञता और उन्नत आधारभूत संरचना का लाभ उठाता है, इस प्रकार रासायनिक क्षेत्र के लिए यह एक समग्र संसाधन के रूप में कार्य करता है। इस विभाग में सभी आधुनिक उपकरण उपलब्ध हैं। पीपीबी स्तर पर भी उच्च संवेदनशीलता और सटीकता के साथ तत्वों की मात्रा निर्धारित करने वाले ये उपकरण हैं। वक्ताओं ने बताया कि यह कार्बनिक, पॉलीमेरिक और जैविक रूप से प्रासंगिक अणुओं के बारे में बताने में पूरी तरह से सक्षम है।

### जमशेदपुर में इंडस्ट्री और एकेडमिक कॉन्क्लेव, भिलाई के डायरेक्टर राजीव प्रकाश हुए शामिल



**भिलाई।** जमशेदपुर में इंडस्ट्री-एकेडमिक कॉन्क्लेव 2024 का आयोजन हुआ। एनआईटी जमशेदपुर में आयोजित इस तीन दिवसीय आयोजन में आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर प्रो. राजीव प्रकाश मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस आयोजन का उद्देश्य उद्योग जगत के नेताओं, शैक्षणिक संस्थानों, नीति निर्माताओं और छात्रों के बीच सहयोग को मजबूत करना था। ताकि उन्नत अनुसंधान और विकास, रोजगार के अवसरों और उद्यमिता को बढ़ावा दिया जा सके। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कॉन्क्लेव का उद्घाटन किया। राजीव प्रकाश ने शैक्षणिक कार्यक्रमों को औद्योगिक आवश्यकताओं के साथ जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि नवाचार और आर्थिक विकास को प्रोत्साहन दिया जा सके। राजीव प्रकाश टेक्नोलॉजी फाउंडेशन के चेयरमैन भी हैं। उन्होंने इस कॉन्क्लेव में अत्याधुनिक अनुसंधान, अंतर-विषयी नवाचार और उद्यमिता विकास के माध्यम से औद्योगिक प्रगति को बढ़ावा देने का खाका प्रस्तुत किया। उन्होंने शैक्षणिक अनुसंधान और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया और 2047 में भारत की स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष के लिए नवाचार-आधारित विकास की प्रतिबद्धता को दोहराया। कॉन्क्लेव में 60 प्रतिष्ठित संस्थाएं शामिल हुईं।

## सिटी इवेंट

# नए जमाने के रेडियो फार्मेसी टूल्स पर हुई वर्कशॉप, दी जानकारी



**भिलाई।** रूंगटा कॉलेज ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंस एंड रिसर्च में गुरुवार को एटोमिक एनर्जी रेगुलेटरी बोर्ड का सेमीनार कराया गया। इनोवेशन एंड सेफ्टी ऑफ रेडियो फार्मास्यूटिकल पायोनियरिंग डाइग्नोसिस एंड थेरेपी इन मॉडर्न मेडिसिन विषयक इस सेमीनार के मुख्य अतिथि स्टेट फार्मेसी काउंसिल के प्रेसीडेंट अरुणा मिश्रा थे। सेमीनार की वक्ता एम्स रायपुर की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मुदासला रवीना ने विद्यार्थियों और रिसर्च स्कॉलर्स को रेडियो फार्मास्यूटिकल साइंस का फ्यूचर बताते हुए कहा कि, आगामी दिनों में पैट सिटी, सिटी स्कैन और एमआरआई तकनीक और भी अधिक विकसित होगी। इन मशीनों के विकास से इलाज में सटीकता आएगी, वहीं खर्च में भी कमी होगी। उन्होंने गंभीर रंगों के निदान के लिए नई ड्रग डिलीवरी सिस्टम पर भी चर्चा की। लेटेस्ट बायो इमेजिंग तकनीक की जानकारी दी। इस सेमीनार के दूसरे वक्ता आईआईटी भिलाई के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुचेतन पॉल ने कैंसर के ट्रीटमेंट को बेहतर बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाली नैनो टेक्नोलॉजी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैंसर के इलाज के दौरान दी जाने वाली दवाइयों की वजह से उन सैल्स को भी नुकसान पहुंचता है, जो खराब नहीं होती है। इस सेल्स को सुरक्षित रखने के लिए नैनो टेक्नोलॉजी के तहत आईआईटी ऐसा ड्रग डिलीवरी सिस्टम तैयार कर रहा है, जो दवाई को सिर्फ वहीं तक पहुंचाएगा, जहां जरूरत होगी। इससे बाकी सेल्स को प्रभावित होने से बचाया जा सकेगा। इस कार्यक्रम में रूंगटा आर-1 समूह के ग्रुप डायरेक्ट रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. एजाजुद्दीन, डॉ. मुकेश शर्मा और डॉ. संजय कुमार गुप्ता मौजूद रहे।

- सिटी स्कैन व एमआरआई तकनीक होगी अधिक विकसित, इलाज के खर्च में भी आयेगी कमी

## स्पोर्ट्स लाइव

# जूनियर बालक-बालिका राज्य स्तरीय कबड्डी टीम कवर्धा रवाना




**भिलाई।** जूनियर बालक-बालिका छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कबीरधाम कवर्धा में 22 से 24 नवंबर तक किया जायेगा। छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विश्व बैंक कालोनी इंडोर स्टेडियम में चयन किया गया। जिसके बाद चयनित खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कबीरधाम रवाना हुए। इस दौरान चयनित बालक- बालिका टीम को कवर्धा रवाना होने से पहले उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करने के लिए नगर निगम भिलाई चरोदा कार्पोरेशन व छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के अध्यक्ष शशिकांत बघेल, नगर निगम भिलाई चरोदा आयुक्त दशरथ राजपूत, सुशांत पार्षद सिरसा, पूर्व कबड्डी खिलाड़ी अशोक प्रधान, नंदकुमार पटेल, राजेंद्र साहू सचिव, रामकुमार धनकर कोषाध्यक्ष उपस्थित रहे।

## समाज इवेंट

# नशे के दुष्प्रभावों को दर्शाते बनाये पोस्टर, नशामुक्ति की ली शपथ

**भिलाई।** विद्यार्थियों के नशे से दूर रखने और उसके दुष्प्रभावों को बताने एनएसएस द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत पोस्टर मेकिंग गतिविधि का आयोजन किया गया। स्वरूपानंद महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और अपने रचनात्मक कौशल के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों को दर्शाते हुए बेहद सार्थक पोस्टर बनाए। कार्यक्रम की शुरुआत में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी संयुक्ता पाढ़ी ने छात्रों को संबोधित करते हुए नशा मुक्त भारत अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नशा एक गंभीर सामाजिक समस्या है जो व्यक्ति के साथ-साथ समाज को भी नष्ट करती है। हमें नशे के खिलाफ लड़ाई में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए और एक स्वस्थ एवं समृद्ध समाज का निर्माण करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के छात्रावास में सभी छात्रों को नशा ना करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ला ने प्राध्यापकों और सभी कर्मचारियों को भी महाविद्यालय परिसर, अपने परिवार और समाज को किसी भी प्रकार के नशे से मुक्त रखने की शपथ दिलाई। डॉ. शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि, नशा एक गंभीर समस्या है जो व्यक्ति के साथ-साथ समाज को भी प्रभावित करती है। हमें मिलकर इस समस्या से लड़ना होगा और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना होगा।




- छात्रों ने पोस्टरों के माध्यम से व्यक्त की नशामुक्ति की भावना

## परंपरानुसार मनाया गया पहला अगहन गुरुवार, इस बार चार गुरुवार होगी पूजा

# अगहन के पहले गुरुवार को रंगोली व फूलों से सजे आंगन, मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने भोर में की पूजा



भिलाई। अगहन मास के पहले गुरुवार को शहर में भक्ति और परंपरा की झलक देखने को मिली। घर-घर मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना के लिए तैयारियां बुधवार शाम से पूरी कर ली गई थी। महिलाओं ने घरों के आंगन और दरवाजों पर चावल के घोल से चौक सजाया और रंगोली बनाई और माता को तीनों टाइम अलग-अलग भोग अर्पित किया। हिंदू मान्यता के अनुसार अगहन मास के गुरुवार को लक्ष्मी और विष्णु की पूजा करने से घर में समृद्धि और खुशहाली आती है। मान्यतानुसार सुबह शुभ मुहूर्त में महिलाएं हल्दी का उबटन लगा स्नान कर पूजा-अर्चना किया। इस दौरान घर-आंगन को सुंदर चौक, दीपों और पुष्पों से सजाकर लक्ष्मी और विष्णु की मूर्तियों की स्थापना कर विशेष धूप, दीप, और आंवला पत्तों के साथ पूजा की गई। जिसके बाद खीर, पूड़ी, और अन्य पारंपरिक व्यंजन भोग के रूप में अर्पित किए।



### नए चावल से बने पकवानों का लगाया भोग

अगहन मास के हर गुरुवार पूजा जो भोग लगाया जाता उस प्रसाद को घर के बाहर नहीं बांटा जाता, क्योंकि मान्यता है कि ऐसा करने से मां लक्ष्मी नाराज हो सकती हैं। पूजा के बाद परिवार के सदस्यों ने एक साथ प्रसाद ग्रहण किया। ग्रामीण अंचल में विशेष रूप से नए चावल से बने पकवान, जैसे फरा और पूड़ी वहीं शहर के लोग खीर-पूड़ी और अन्य मिठाइयों का भोग लगाया।

### पूरे महीने चलेगा पूजा उत्सव,फल, फूल व दूबी की र महत्व

रिसाली प्रगति नगर निवासी वंदना सोनी ने बताया कि अगहन मास के हर गुरुवार को यह पूजा अलग-अलग प्रकार के पकवानों और विधियों के साथ की जायेगी। पहला गुरुवार खास महत्व रखता है, क्योंकि इसे नए फसल के उपयोग की शुरुआत के रूप में भी देखा जाता है। यह परंपरा परिवार और समाज के बीच जुड़ाव और समृद्धि का संदेश देती है।

### देवी के पग चिन्ह बनाकर किया स्वागत

अगहन गुरुवार की पूजा के लिए एक दिन पहले ही बुधवार को ही महिलाओं ने घर व द्वार को रंगोली से सजाकर मां पूजा स्थल तक देवी के पग चिन्ह बनाकर गुरुवार को भोर में उनका आह्वान किया। इस दौरान सुबह, दोपहर और शाम तीनों समय उन्हें भोग अर्पित करते हुए पूजा-अर्चना की।



### मां लक्ष्मी पृथ्वी लोक पर करती है विचरण

अगहन गुरुवार की मान्यता ज्योतिष के अनुसार इस माह को लेकर यह मान्यता है कि अगहन गुरुवार में मां लक्ष्मी पृथ्वी लोक का विचरण करने आती हैं। इस अवसर पर जो श्रद्धालु घर-द्वार की विशेष साज-सज्जा के साथ मां लक्ष्मी की विधिवत पूजा-अर्चना करता है। उस के घर सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। इन मान्यता को लेकर लोग आदि काल से मानते आ रहे है।

### अगहन को लेकर बाजार में रही रौनक

अगहन पूजा को लेकर हर वर्ग द्वारा किया जाता है। इस पूजा में फल फूल व दुबी की अत्यधिक महत्त्व रहती है। इस मद्देनजर शहर के अधिकांश चौक चौराहे में इस पूजा से जुड़ी सामान लेकर ग्रामीण आये थे। इससे सभी बाजारों में लोगो की चहलकदमी देखते को मिली। इस बार अगहन महीने में पूजन के 4 गुरुवार पहला गुरुवार अगहन कृष्ण षष्ठी, 21 नवंबर को मनाया गया। दूसरा गुरुवार 28 नवंबर अगहन कृष्ण त्रयोदशी, तीसरा 5 दिसंबर अगहन शुक्ल चतुर्थी और चौथा गुरुवार 12 दिसंबर अगहन शुक्ल द्वादशी को होगा।

## दिवाली मिलन...

# गौरा-गौरी झांकी, सुआ और राउत नाचा की दी गई आकर्षक प्रस्तुति





**भिलाई।** दीपावली बीतने के बाद से ही दिवाली मिलन समारोह का आयोजन जगह-जगह किया जा रहा है। इसी कड़ी में निर्मल ज्ञान मंदिर के ट्रस्टी और प्रबंधन समिति के संयुक्त तत्वावधान में निर्मल ज्ञान मंदिर कबीर आश्रम नेहरू नगर भिलाई में इस वर्ष भी दिवाली मिलन का आयोजन किया गया। इस दौरान सदस्यों द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। जिसे उपस्थित जनों ने सराहा। दिवाली मिलन के कार्यक्रम की शुरुआत दीप जलाकर परंपरानुसार की गई। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में विभिन्न लोक नृत्य जिसमें गौरा-गौरी झांकी, सुआ गीत और राउत नाचा की प्रस्तुति आकर्षक रही। इस लोक प्रस्तुति में नृत्य कुंजलता साहू, लक्ष्मी साहू, गीतांजलि साहू, शीला साहू, प्रेमलता, जयंती साव, सरस्वती साहू, डीलेश्वरी साहू, पूजा साहू, श्वेता साहू, सोनी त्रिपाठी ने भाग लिया। वादन व गायन में डॉली साहू, कुमार भारद्वाज, डॉ दीनदयाल साहू, रूही साहू, भूषण निषाद का सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष आत्माराम साहू, डॉ हीरालाल साहू, शिव कुमार साव, विनोद साहू, के पी साहू, गौकरण लाल साहू, पी डी साहू, तिलक वर्मा के साथ ही आश्रम से जुड़े सदस्य और कबीर पंथ अनुयायी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उर्मिला साहू तथा आभार प्रदर्शन संस्था के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक साहू ने किया।

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का हुआ समापन

# वैदिक गणित व चित्रकला स्पर्धा से बच्चों का हुआ बौद्धिक विकास




**भिलाई।** कैरीव एडुकेशनल एकेडमी द्वारा के राज्य स्तरीय वैदिक गणित और अबेकस एवं चित्रकला प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह इस्पात क्लब सेक्टर 2 में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीएसवीटीयू के प्रभारी डॉ. प्रदीप कुमार घोष, रूंगटा कॉलेज के इलेक्ट्रीकल व टेलीकाम डिपार्टमेंट के प्रोफेसर डॉ. सत्यधर्म भारती, मनोचिकित्सक डॉ. मनोज खन्ना उपस्थित थे। कैरीव एडुकेशनल एकेडमी द्वारा के राज्य स्तरीय वैदिक गणित और अबेकस एवं चित्रकला प्रतियोगिता पिछले दिनों सेक्टर 6 कालीबाड़ी में आयोजित की गई थी जिसमें आसपास सहित अन्य क्षेत्रों से आये बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया था। इस प्रतियोगिता के बाद विजेताओं के नाम की घोषणा कर दी गई थी। राज्य स्तरीय वैदिक गणित और अबेकस एवं चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रोत्साहित करने व पुरस्कृत करने के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें एकेडमी के बच्चो ने रंगारंग कार्यक्रम के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। एकेडमी की प्रभारी डॉ. श्रद्धा राव ने की मोटिवेशनल भाषण के साथ पालकों और बच्चों उत्साह बढ़ाया और साथ ही साथ सफलता तक कैसे पहुंचा जा सकता है उस विषय से अवगत कराया। सभी विजेता और उपविजेताओ को उज्जव भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथियों के द्वारा प्रदान की गई। चित्रकला प्रतियोगिता में आर्टिस्ट आर के भीमा बतौर निर्णायक मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि एकेडमी के बच्चों ने अपनी कल्पनाओं को बखूबी कैनवास पर उकेरा है, सभी बच्चों ने अपनी थीम के अनुसार ड्रांइग व पेंटिंग बनाकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। एकेडमी की प्रभारी डॉ. श्रद्धा राव द्वारा यह प्रतियोगिता बैंगलोर, पुणे, दिल्ली, गुजरात, मुंबई सहित अलग-अलग स्टेट में आयोजित की जा चुकी है। जिससे बच्चों में बौद्धिक क्षमता का विकास भी हुआ है।



## आज सुबह होगी स्पर्धा, शाम को समापन

# फुटबॉल मैच के दूसरे दिन हुए 8 मुकाबले, चार टीमों का सेमीफाइनल में प्रवेश, आज फाइनल खेलकर बनेंगे विजेता

कार्नर न्यूज

भिलाई। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र द्वारा सेक्टर-9 हॉस्पिटल के पास स्थित फुटबॉल मैदान में आयोजित पॉवर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता 2024-25 के दूसरे दिन लीग मैच के कुल 8 मुकाबले हुए। इस प्रतियोगिता में 9 विद्युत रीजन से आए टीमों की बीच दो पूल बनाकर कुल 16 लीग मैच खेले गए। इस लीग मैच में सर्वाधिक प्वाइंट के साथ विजयी रहे चार टीमों ने प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सेमीफाइनल में प्रवेश करने वाली पूल-ए से कोरबा (पश्चिम) प्रथम एवं रायपुर (सेंट्रल) की टीम द्वितीय तथा पूल-बी से बिलासपुर प्रथम एवं मड़वा की टीम द्वितीय रही। चारों टीम द्वारा सेमीफाइनल के दोनों मैच खेले जाएंगे। पहला सेमीफाइनल मैच कोरबा (पश्चिम) एवं मड़वा के बीच एवं दूसरा सेमीफाइनल मैच रायपुर(सेंट्रल) एवं बिलासुर के बीच होगा। सेमीफाइनल में जीतने वाले दो टीमों के बीच फाइनल मैच आज शाम 3 बजे खेला जाएगा। प्रतियोगिता का समापन आज दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता एम.जामुलकर के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। प्रदेश स्तरीय इस विद्युत प्रतिस्पर्धा में नौ टीमों में मेजबान टीम दुर्ग क्षेत्र, कोरबा पूर्व, कोरबा पश्चिम, अंबिकापुर, रायपुर सेंट्रल, रायपुर क्षेत्र, जगदलपुर, मड़वा एवं बिलासपुर क्षेत्र शामिल हुए।



### आज के मैच का परिणाम

प्रतियोगिता के दूसरे दिन हुए लीग मैच में अंबिकापुर एवं कोरबा पूर्व तथा दुर्ग एवं जगदलपुर के बीच मैच 1-1 से बराबरी पर रहे। कोरबा पश्चिम की टीम ने रायपुर सेंट्रल को 01-00 से पराजित किया। रायपुर रीजन एवं बिलासपुर के बीच हुए मैच में बिलासपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच 03-00 से जीत लिया। मड़वा एवं कोरबा पूर्व के बीच मैच बराबरी पर रहे। अगले लीग मैच में बिलासपुर की टीम ने अंबिकापुर को 02-00 से पराजित किया। मेजबान टीम दुर्ग को कोरबा पश्चिम की टीम ने 03-00 से हराकर मैच अपने नाम कर लिया। आखिरी लीग मैच रायपुर रीजन एवं मड़वा के बीच खेला गया, जिसमें मड़वा की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मैच 04-00 से जीत लिया।



## सिटी स्पोर्ट्स

### अंडर-15 वनडे क्रिकेट में छत्तीसगढ़ की जीत, यति के शानदार 104 रन



**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा वुमेंस अंडर-15 वनडे क्रिकेट टुर्नामेंट 2024 गुरुवार से शुरू हुआ। पहले दिन छत्तीसगढ़ की टीम का पहला मैच ग्वालियर में सौराष्ट्र टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 35 ओवरों में 6 विकेट खोकर 218 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से कप्तान यति शर्मा ने शानदार शतक लगाते हुये 11 चौकों एव 2 छक्कों की मदद से 91 गेंदों में नाबाद 104 रन बनाये। उनके अतिरिक्त प्रतिष्ठा दुआ ने 44 रन एवं नवलीन कौर जस्सल ने 20 रनों का योगदान दिया। सौराष्ट्र टीम की ओर से स्मिति दयानी ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सौराश्ट्र की टीम 35 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर केवल 139 रन ही बना सकी। सौराष्ट्र की ओर से वेदा अमृतिया ने 50 रन तथा स्मिति दयानी ने नाबाद 32 रनों की पारी खेली। छत्तीसगढ़ की ओर से अलका रानी कुजूर तथा दिपिका भगत ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने मैच 79 रनों से जीत लिया।

### अखिल भारतीय विद्युत महिला खेल में छत्तीसगढ़ को 8 पदक



**रायपुर।** 46वीं अखिल भारतीय विद्युत महिला स्पर्धा में छत्तीसगढ़ महिला टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर टीम इवेंट में टेबल टेनिस व शतरंज में रजत, बैडमिंटन में कांस्य व व्यक्तिगत स्पर्धाओं को मिलाकर 8 पदक हासिल किया। समापन समारोह में असम की ऊर्जा एवं खेल एवं युवा कल्याण मंत्री नंदिता गोलीसा ने विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री तथा ऊर्जा मंत्री विष्णुदेव साय, पॉवर कंपनी अध्यक्ष व ऊर्जा सचिव डॉ. रोहित यादव ने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के दल को बधाई देते हुए कहा है कि इनके उम्दा प्रदर्शन से छत्तीसगढ़ का नाम रोशन हुआ है। गुवाहाटी असम में 17-20 नवंबर तक आयोजित इस टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ की टीम ने अलग-अलग श्रेणी में पदकों पर अपना कब्जा जमाया। टीम की मैनेजर अनामिका मण्डावी ने बताया कि टेबल टेनिस स्पर्धा में टीम इवेंट में (दिव्या आमदे, श्रद्धा वर्मा, शिखा खाण्डे, शोभना सिंह) द्वारा रजत पदक हासिल किया गया, सिंगल्स में दिव्या आमदे द्वारा स्वर्ण एवं डबल्स में श्रद्धा व दिव्या की जुगलबंदी को रजत पदक प्राप्त हुआ। इसी तरह बैडमिंटन में (संध्या रानी, जुवेना गोम्स, वीरांगना भगत, श्रद्धा पिल्लई) द्वारा टीम इवेंट में कांस्य पदक प्राप्त हुआ, सिंगल्स में संध्या रानी ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। शतरंज स्पर्धा में टीम इवेंट में नूतन ठाकुर, मीना कुर्रे, सानिली चौहान, भारती फेराओ ने रजत पदक दिलाया, प्रथम बोर्ड प्राइस में नूतन ठाकुर, चौथी बोर्ड प्राइस भारती फेराओ को मिला। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की महिला खिलाड़ियों ने पांच स्पर्धाओं (टेबल टेनिस, बैडमिंटन, शतरंज, कैरम, टेनिकोइट) के लिए राष्ट्रीय स्तर के 8 स्टेट टीमों से मुकाबला कर तीन स्पर्धा में कुल 8 पदक प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ महिला खिलाड़ियों को टीम मैनेजर श्रीमती अनामिका मांडवी, कोच श्री सागर पिंपलापुरे के द्वारा पूरे टूर्नामेंट मे मार्गदर्शन मिलता रहा। इस अवसर पर ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के प्रेसिडेंट सुरेश कैमल, महासचिव के. शिव कुमार, वरिष्ठ खेल अधिकारी टी.कुमार वेदुवालु, खेल अधिकारी एम.एस. नायडू और उप. महा. प्रबंधक वित्तीय श्रीमती पूर्वी नाथ उपस्थित थे।

### खेलो इंडिया से दो खिलाड़ी नेशनल कैम्प के लिए चयनित



**रायपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2022-23 से भारतीय खेल प्राधिकरण की खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस योजना के अंतर्गत हॉकी, तीरंदाजी एवं एथलेटिक की आवासीय अकादमी न्यायधानी स्थित स्वर्गीय बीआर यादव बहतराई स्टेडियम बिलासपुर में प्रारंभ की गई है। खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेन्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर प्रशिक्षणरत हॉकी खिलाड़ी जानवी यादव एवं संदीप ठाकुर का चयन भारतीय दल के गठन के लिए आयोजित नेशनल कैम्प बैंगलुरू के लिए हुआ है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव हिमशिखर गुप्ता, संचालक तनुजा सलाम, सहायक संचालक बिलासपुर ए. एक्का एवं हॉकी छत्तीसगढ़ के महासचिव डॉ. मनीष श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।

डाक्टर की सलाह लें और अपने खानपान पर दें विशेष ध्यान

# रिपोर्ट में फैटी लिवर बता रहा है, घबराएं नहीं, तुरंत शुरू कर दें बचाव के उपाय

हमारे शरीर के सबसे जरूरी ऑर्गन्स में से एक लिवर माना जा सकता है। लिवर के साथ दिक्कत यह होती है कि एक बार इसमें कुछ गड़बड़ी शुरू हो गई, तो शरीर के कई अन्य फंक्शन्स में भी दिक्कत होने लगेगी। लिवर की कोई भी बीमारी अगर शुरू हो रही है, तो उसके पहले आपका शरीर आपको धीरे-धीरे संकेत देने लगेगा। लिवर शरीर के ऐसे हिस्से में मौजूद होता है जहां जरा सी भी जलन या दर्द आपके पेट, आंतों और दाहिनी तरफ के हिस्से पर असर डाल सकती है।

लिवर का सबसे जरूरी फंक्शन होता है हमारे शरीर में बाइल जूस को बनाना जिससे न्यूट्रिएंट्स जैसे फैट्स और विटामिन ठीक तरह से डाइजेस्ट हो सकें। अगर यही काम किसी वजह से अटकता है, तो फैटी लिवर डिजीज हो जाती है। इसके बारे में फोर्टिस हॉस्पिटल आनंदपुर (कोलकाता) के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी डिपार्टमेंट के असोसिएट कंसल्टेंट डॉक्टर तुहिन मित्रा ने विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह सबसे कॉमन लिवर डिजीज है जिस पर अगर ध्यान ना दिया गया, तो आगे चलकर यह बहुत सीरियस हेल्थ कंडीशन बन जाती है।



### क्या है फैटी लिवर?

यह नॉन एल्कोहॉलिक फैटी लिवर डिजीज है। जैसा कि नाम है यह बिल्कुल वैसा ही है कि लिवर के इर्द-गिर्द फैट्स बहुत जम जाते हैं। इसके कारण बाइल जूस ठीक से नहीं बन पाता और आपके लिवर को एक्स्ट्रा काम करना पड़ता है। इस हेल्थ कंडीशन से अधिकतर लोग परेशान हैं।

### क्यों होता है फैटी लिवर?

फैटी लिवर होने का सबसे अहम कारण है अल्कोहल का सेवन। जो लोग ज्यादा अल्कोहल पीते हैं उनका लिवर इस समस्या से ज्यादा परेशान हो सकता है। कुछ मामलों में यह तम्बाकू और अनडाइल्यूटेड स्पिरिट्स या दवाओं के कारण भी हो सकता है। इसके साथ ही, यह बीमारी ऐसे लोगों को भी हो सकती है जो अल्कोहल नहीं लेते और इस केस को नॉन एल्कोहलिक पैटी लिवर डिजीस (एनएएफएलडी) कहा जाता है। यह इन्फेक्शन, जेनेटिक्स, टाइप 2 डायबिटीज, ओवरवेट, एक्स्ट्रा फैट आदि बहुत सी चीजों के कारण हो सकती है। कई बार ट्राइग्लिसराइड्स जैसी समस्या के कारण लिवर फैट बढ़ जाता है।

अगर यह अल्कोहल की वजह से नहीं है, तो लिवर को मूलभूत कोई नुकसान ना हुआ हो ऐसा मुमकिन है। इस मामले में लिवर की सूजन और अन्य तरह का डैमेज तब शुरू होता है जब फैटी लिवर को कम करने के लिए कुछ नहीं किया जाता। इस कंडीशन को नॉन एल्कोलिक स्टीयटो हेपेटाइटिस (एनएएसएच) कहा जाता है।


### फैटी लिवर से डील करने के तरीके

डॉक्टर तुहिन मित्रा के मुताबिक, अगर फैटी लिवर परेशान कर रहा है, तो लाइफस्टाइल को बदलना बहुत जरूरी है। ऐसे में आपको सही मात्रा में खाना-पीना करना होगा। अपने वजन का ध्यान रखना होगा, बहुत ज्यादा अल्कोहल पीना बंद करना होगा।

ऐसे मामले में सबसे पहले आपको अपना वजन कम करने की जरूरत है। अगर किसी को फैटी लिवर की समस्या है, तो उसे कम से कम 7% बॉडी वेट कम करना होगा। इस वेट लॉस और एक्टिविटी का असर शरीर में मौजूद एक्स्ट्रा फैट्स पर होगा जिससे लिवर की समस्या ठीक होने लगेगी। अगर कोई और बीमारी है जिसकी वजह से वेट लॉस मुमकिन नहीं है, तो आप एक बार किसी डाइटीशियन से भी कंसल्ट करें जो आपको सही फिटनेस रिजीम बनाकर दे।

### फैटी लिवर होने पर खाएं इस तरह के फूड्स

आपको अपनी डाइट में फ्रूट्स और सब्जियों को शामिल करना होगा। इसमें खासतौर पर हरी पत्तेदार सब्जियां खाना जरूरी है। हाई फाइबर फूड्स जैसे दाल, ओटमील, नट्स आदि बहुत जरूरी है। विटामिन-ई से भरपूर फूड्स भी खाए जा सकते हैं जैसे राई, एवोकाडो, ऑलिव ऑयल, नट बटर और मछली।





## घर के इन कोनों पर होती है नकारात्मक ऊर्जा, इन उपायों से कर सकते हैं दूर

कभी आपने सोचा है कि घर में बिना वजह क्लेश होना, दुर्घटना घटना या किसी समस्या के आने की क्या वजह हो सकती है? ऐसा नकारात्मक ऊर्जा की वजह से होता है। यह ऊर्जा बेशक हमें दिखती नहीं है, मगर महसूस होती है और इस ऊर्जा के कारण हमारे साथ काफी कुछ गलत होता रहता है और हम उसे सही करने का प्रयास करते भी हैं, तो मुसीबतें कम होने का नाम नहीं लेती हैं। ऐसे में बहुत जरूरी है कि घर के उन कोनों के बारे में हमें पता हो, जहां नकारात्मक ऊर्जा के होने की बहुत अधिक संभावनाएं होती हैं।

**बाथरूम :** बाथरूम में आप स्नान करते हैं और गंदे कपड़ों को भी वहीं रखा जाता है। वैसे तो आपको बाथरूम की सफाई रोज ही करनी चाहिए। हालांकि, व्यस्त जीवनशैली में ऐसा करना मुमकिन नहीं हो पाता है। इसलिए आप बाथरूम को हफ्ते में एक बार साफ जरूर करें। गंदे कपड़ों को ढक कर रखें और इसके साथ ही फिटकरी को रखना न भूलें। हर 15 दिन में फिटकरी को बदल लें और जो फिटकरी आपने बाथरूम में रखी है, उसे आप पानी में घोल कर नाली में बहा दें। ऐसा करने से बाथरूम में वास करने वाली नकारात्मक ऊर्जा के प्रभाव को आप कम कर सकते हैं।


**किचन का सिंक :** बहुत से घरों में इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाता है कि किचन का सिंक गंदा न रहे और उसमें झूठे बर्तन भी न रखे जाएं। मगर हर बार यह संभव नहीं है। सिंक है तो गंदे बर्तन तो उसमें रखे ही जाएंगे। मगर इसके साथ ही यहां नकारात्मक ऊर्जा भी वास करती है। यह ऊर्जा सबसे ज्यादा रात के वक्त प्रभावशाली होती है। ऐसे में रात में सिंक को कभी भी गंदा न छोड़ें। रात में सोने से पूर्व



सारे झूठे बर्तनों को धो लें और फिर सिंक को साफ करके उसमें नमक डाल दें। ऐसा करने से नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव भी कम होता है और घर की साफ-सफाई भी बनी रहती है।

**स्टोर रूम :** स्टोर रूम का तो मतलब ही है कि आप वहां पर घर का वो सामान रखते हैं, जिसका इस्तेमाल आप न के बराबर करते हैं या फिर वह आपको डिस्पोज ऑफ करना होता है। जाहिर है, स्टोर रूम में सबसे ज्यादा नकारात्मक ऊर्जा का वास होता है। इसलिए आपको स्टोर रूम में भी साफ-सफाई का ख्याल रखना है और रोज शाम के वक्त वहां की लाइट जलानी है। आप स्टोर रूम की खिड़की और दरवाजों पर काला पर्दा डाल कर रखें या फिर काला पेंट करा लें। ऐसा करने से नकारात्मक ऊर्जा एक घेरे के अंदर ही रहेगी और आपको ज्यादा परेशान नहीं होना पड़ेगा।

**घर की छत :** घर की छत को हमेशा साफ रखें। यदि आप घर की छत पर कबाड़ रखते हैं, तो घर में हमेशा क्लेश बना रहेगा। आपको घर की छत पर हमेशा कम से कम सामान रखना चाहिए। खासतौर पर जंग लगा हुआ लोहे का सामान तो आपको कभी भी नहीं रखना चाहिए, क्योंकि लोहा शनि का प्रतिनिधित्व करता है और यदि उसमें जंग लगी हुई है, तो ज्योतिष के आधार पर आपका शनि कमजोर है। शनि का कमजोर होना यानि आपके जीवन में नकारात्मक परिस्थितियों का उत्पन्न होना ही माना जाता है।



## अब बिना घिसे ऐसे साफ होगी जली हुई कड़ाही, बस इन चीजों का करें इस्तेमाल

कुछ आसान टिप्स की मदद से जली हुई कढ़ाही को भी मिनटों में चमका सकती हैं। इसे चमकाने के लिए आपको केवल 3 चीजों की जरूरत होगी।

### खपरैल से करें कड़ाही की सफाई

खपरैल की मदद से आप अपने जले हुए कड़ाही की सफाई मिनटों में कर सकती हैं। इसके लिए आपको केवल बालू लेना होगा। पहले बालू को कड़ाही पर लगाएं और फिर खपरैल की मदद से कड़ाही की सफाई करें। ऐसा करने पर आपका कड़ाही साफ हो जाएगा।

### राख से करें कड़ाही की सफाई


जले हुए लकड़ी जिसे आम भाषा में राख कहा जाता है इसकी मदद से भी आप चाहे तो कड़ाही की सफाई कर सकती हैं। राख की मदद से कड़ाही की सफाई मिनटों में हो जाती हैं। अगर आपका कड़ाही काफी ज्यादा जल गया है तो आपको अपने कड़ाही को राख की मदद से साफ करना चाहिए। खपरैल लें और फिर राख लगाएं ऐसे में आपका कड़ाही मिनटों में साफ हो जाएगा।

### सैंड पेपर से करें कड़ाही की सफाई

सैंड पेपर की मदद से आप चाहे तो कड़ाही की सफाई मिनटों में कर सकती हैं। सैंड पेपर का इस्तेमाल केवल घर की सफाई के लिए ही नहीं बल्कि कड़ाही की सफाई के लिए भी किया जा सकता है। हालांकि आपको ज्यादा जोड़ लगाकर सैंड पेपर से कड़ाही की सफाई नहीं करना चाहिए। इससे आपका कड़ाही खराब हो सकता है।

### इन बातों का रखें ध्यान

कड़ाही की सफाई करते समय ग्लव्स जरूर पहनें, कड़ाही की सफाई हार्ड चीजों से ना करें,कड़ाही की सफाई करते समय ज्यादा प्रेशर कड़ाही पर ना दें और कड़ाही जलने के तुरंत बाद ही कड़ाही की सफाई करें।



## सर्दी-जुकाम नहीं आएंगे पास बनाएं जब अपना पसंदीदा सूप



सर्दियों के मौसम में ठंड से बचने और शरीर को गर्म रखने के लिए सूप पीना बहुत ही अच्छा ऑप्शन है। हालांकि, हम सभी का दिनभर कुछ न कुछ गरमागरम पीने का मन करता है, चाहे वह चाय हो, सूप, हर्बल टी या कोई हेल्दी ड्रिंक। इन ड्रिंक्स से न केवल शरीर को गर्माहट मिलती है, बल्कि ये हेल्थ के लिए भी फायदेमंद होते हैं।

### यखनी सूप

यखनी सूप के लिए मटन या चिकन को साफ करके धो लें।फिर एक बड़े बर्तन में पानी डालकर मटन या चिकन की हड्डियों को धीमी आंच पर पकाएं। इसमें अदरक-लहसुन का पेस्ट और साबुत मसाले डालें। इसे 2-3 घंटे तक पकने दें, ताकि पूरा रस निकल जाए। इस दौरान सूप को छान लें और दही को हल्का फेंटकर इसमें मिला दें। अब हल्की आंच पर उबालें और ऊपर से ताजा हरा धनिया और पुदीना डालें। बस तैयार है गरमागरम यखनी सूप, जिसेनींबू का रस डालकर सर्व किया जा सकता है।

### कद्दू और नारियल का सूप


कद्दू और नारियल का सूप बनाने कद्दू के टुकड़ों को अच्छी तरह से धोकर छील लें। सभी सामग्री तैयार रखें। एक पैन में जैतून का तेल या मक्खन गर्म करें। इसमें प्याज, लहसुन और अदरक डालकर हल्का सुनहरा होने तक भूनें। अब इसमें कद्दू के टुकड़े डालें और 2-3 मिनट तक चलाते हुए पकाएं। भुने हुए कद्दू में हल्दी पाउडर, नमक और पानी या स्टॉक डालें। इसे ढककर धीमी आंच पर तब तक पकाएं जब तक कद्दू नरम न हो जाए। मिश्रण को ठंडा होने दें और फिर ब्लेंडर में स्मूथ पेस्ट बना लें। फिर इसे वापस पैन में डालें। अब नारियल का दूध डालें और धीमी आंच पर 2-3 मिनट तक पकाएं।

कार्नर न्यूज

फिट रहने एक्सरसाइज जरूर करें, लेकिन जोखिम का रखें ध्यान

# स्किपिंग रोप एक्सरसाइज करते हुए बरतें सावधानी, छोटी सी गलती पड़ सकती है भारी

फिट रहने के लिए हम सभी तरह-तरह की एक्सरसाइज करते हैं। आमतौर पर, ऐसे फिटनेस रूटीन को फॉलो करने की सलाह दी जाती है, जिसमें खुद को काफी मजा भी आए। हर व्यक्ति अपनी पसंद के अनुसार फिटनेस रूटीन को फॉलो करता है। किसी को योगा करना अच्छा लगता है तो किसी को कार्डियो। लेकिन स्किपिंग रोप या रस्सी कूदना एक ऐसा वर्कआउट है, जो हर किसी को ही पसंद आता है। ऐसे बहुत से लोग हैं, जो बचपन में भी रस्सी कूदा करते थे। बचपन का खेल अब उन्हें खुद को फिट रखने का एक बेहतरीन तरीका महसूस होता है। यकीनन रस्सी कूदना एक बेहतरीन एक्सरसाइज है। लेकिन इसे सही तरह से किया जाना बेहद जरूरी है। अक्सर लोग रस्सी कूदते हुए कुछ छोटी-छोटी गलतियां करते हैं, जिसके बारे में आज हम आपको इस लेख में बता रहे हैं-



### हाथों को बहुत अधिक हिलाना

अक्सर लोग रस्सी कूदते हुए अपने हाथों की मूवमेंट बहुत अधिक करते हैं। खासतौर से, अगर आप एक बिगनर हैं, तो यह संभव है कि रस्सी कूदते समय आप अपनी कोहनी या कंधों को बहुत अधिक मूव करें। यह न केवल अप्रभावी है, बल्कि अत्यधिक थका देने वाला भी है। इसलिए, जब भी रस्सी कूदें तो कोशिश करें कि आइने के सामने खड़े होकर ही करें। इससे आपको अपने बॉडी मूवमेंट को मॉनिटर करने में काफी मदद मिलेगी। याद रखें कि आपके आर्म्स अधिकतर स्थिर रहने चाहिए और ज्यादातर मूवमेंट कलाइयों से होनी चाहिए।


### बहुत ऊंचा कूदना

यह एक आम गलती है जो अमूमन लोग रस्सी कूदते हुए करते हैं। जब हम बिगनर होते हैं, तो बहुत ऊंचा कूदने की कोशिश करते हैं, ताकि रस्सी पैरों के बीच में ना फंसे। लेकिन वास्तव में ऐसा करना सही नहीं माना जाता है। जब आप बहुत ऊंचा कूदते हैं तो इससे आप बार-बार अटकते हैं।

इतना ही नहीं, इससे पैरों पर अतिरिक्त जोर पड़ता है और आप खुद को जल्दी थका देते हैं। बेसिक जंप के लिए आपको ज़मीन से केवल 1-2 इंच या उससे कम ऊपर उठना चाहिए। इस दौरान आपके घुटने ऊपर नहीं आने चाहिए।

### सही तरह से वार्मअप ना करना

यूं तो वर्कआउट शुरू करने से पहले हमेशा ही वार्मअप किया जाना चाहिए। लेकिन रस्सी कूदते समय इसका ध्यान रखना बेहद आवश्यक है। कुछ लोग समय बचाने के चक्कर में वार्म अप नहीं करते हैं या फिर बहुत कम करते हैं। सही तरह से वार्मअप के बिना कूदने से चोट लगने का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए, इससे पहले आप जंपिंग जैक या जॉगिंग जैसे हल्के व्यायामों में कुछ मिनट बिताएं।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'स्टिचेस' के लिए शूट पर पेरिस पहुंचेंगी एंजेलिना, बढ़ा इंतजार



अभिनेत्री एंजेलीना जोली, एलिस विनोकॉर निर्देशित पहली अंग्रेजी भाषा की फिल्म में अभिनय करने के लिए पेरिस लौट आने वाली है। वह पाब्लो लारेन की 'मारिया' में मशहूर ओपेरा गायिका मारिया कैलास की भूमिका निभाने के बाद अब एक बार फिर अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरने वाली हैं। 'स्टिचेस' नामक यह फिल्म हाई फैशन की दुनिया में सेट है, जो पेरिस में घटित होती है। जोली फिल्म में एक फिल्म निर्माता के रूप में अभिनय करती नजर आएंगी, जो तीन महिलाओं में से एक हैं, जिनकी जिंदगी फैशन वीक के दौरान एक दूसरे से टकराती है। इस फिल्म की शूटिंग अगले साल की शुरुआत में शुरू होने की उम्मीद है। चार्ल्स गिलिबर्ट के पेरिस स्थित बैनर सीजी सिनेमा झांग शिन और क्लोजर मीडिया के विलियम हॉरबर्ग के साथ मिलकर इसका निर्माण कर रहा है। पाथे फिल्म्स फ्रांस में इस फिल्म का वितरण करेगी। यह फिल्म विनोकॉर की पिछली फिल्म प्रॉक्सिमा की तरह ही फ्रेंच और अंग्रेजी दोनों में शूट की जाएगी। इस फिल्म में ईवा ग्रीन ने एक अंतरिक्ष यात्री की भूमिका निभाई थी। ग्रीन को इस भूमिका के लिए सीजर पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया था। फिल्म ने टोरंटो में प्लेटफॉर्म पुरस्कार जीता। इसके अलावा साथ ही सैन सेबेस्टियन में जूरी पुरस्कार भी जीता। जोली आखिरी बार पेरिस में 'मारिया' के शूटिंग के लिए आई थीं, जो 1970 के दशक में अपने अंतिम दिनों के दौरान मशहूर ग्रीक ओपेरा गायिका की कहानी को फिर से पेश करती है।

### टॉलीवुड

## रैपर की 'राइफल क्लब' में अनुराग भी दिखाएंगे कमाल



लंबे इंतजार के बाद बहुप्रतीक्षित फिल्म 'राइफल क्लब' की रिलीज डेट सामने आ गई है। फिल्म निर्माता आशिक अबू ने आधिकारिक तौर पर इसका एलान करने के लिए सोशल मीडिया पोस्ट का सहारा लिया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर फिल्म की पूरी कास्ट का एक पोस्टर साझा किया। साथ ही बताया कि 'राइफल क्लब' 19 दिसंबर, 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। आशिक अबू ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म की टीम का एक पोस्टर साझा किया। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'राइफल क्लब मूवी 19 दिसंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में।' पोस्टर में विजयराघवन, दर्शन राजेंद्रन, विंसी एलोशियस, सुरेश कृष्णा, सुरभि लक्ष्मी, वाणी विश्वनाथ और विष्णु अगस्त्य शामिल हैं। दिलेश पोथन और मुख्य अभिनेत्री, उन्नीमाया प्रसाद को एक ईसाई दूल्हा और दुल्हन के रूप में दो कुत्तों को पकड़े हुए दिखाया गया है, जबकि फ्रेम में परिवार के अन्य सदस्य शराब के गिलास पकड़े हुए हैं।

'बिग डॉग्स' के साथ ग्लोबल म्यूजिक चार्ट में हिस्सा बनाने वाले रैपर हनुमानकाइंड उर्फ सूरज चेरुकट अब अभिनय की दुनिया में कदम रख रहे हैं।

### छॉलीवुड

## करन-प्रकाश की जोड़ी आज से धूम मचाएगी 'तीजा के लुगरा-2' में



छत्तीसगढ़ी सिनेमा के दो चर्चित चेहरे करन खान और प्रकाश अवस्थी एक साथ रूपहले परदे पर दर्शकों का मनोरंजन करने आ रहे हैं। वीआर फिल्म्स नागपुर के बैनर तले फिल्म 'तीजा के लुगरा-2' के इंतजार की घड़ियां अब खत्म हो रही है। 22 नवंबर से यह फिल्म छत्तीसगढ़ के 38 से अधिक सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। निर्देशक विजय गुमगांवकर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में भरपूर पारिवारिक मनोरंजन का तड़का लगाया गया है। फिल्म में रश्मि देवांगन, कल्याणी तापसे, रिंकू रजा, पुष्पेंद्र सिंह, उर्वशी साहू, पवन गुप्ता, संतोष निषाद, संजू साहू, पायल साहू, लता बाही, खुशी गुमगांवकर, करीम खान और शांतनु जैसे कई मशहूर कलाकार अहम भूमिकाओं में नज़र आएंगे। फिल्म के गीत डॉ. पीसी लाल यादव और मौनी लाला ने लिखे हैं, जबकि संगीत सुनील सोनी ने दिया है। गानों को विलास राउत और दिलीप बैस ने कोरियोग्राफ किया है। फिल्म का वितरण शिवम्‌ इंटरप्राइजेज और लकी रंगशाही कर रहे हैं। फिल्म के निर्माता राजन सूर्यवंशी और कुंदन मार्कर का कहना है कि फिल्म में हर वर्ग के दर्शकों के लिए कुछ न कुछ खास है। उन्हें उम्मीद है कि दर्शक इस फिल्म को खूब प्यार मिलेगा। उल्लेखनीय है कि फिल्म का टीजर रिलीज होने के बाद से ही दर्शकों में इस फिल्म को लेकर काफी उत्सुकता है। सोशल मीडिया पर फिल्म के पोस्टर और टीजर को खूब शेयर किया जा रहा है। फिल्म में मुख्य किरदार निभा अभिनेता करन खान ने कहा कि 'तीजा के लुगरा-2' में भी बात अपनी छत्तीसगढ़ की माटी की है और छत्तीसगढ़ी संस्कृति व परंपरा को इसमें बखूबी दिखाया गया है। अभिनेता प्रकाश अवस्थी ने कहा कि फिल्म के माध्यम से दर्शकों को स्वस्थ व पारिवारिक मनोरंजन देने का प्रयास है। करन व प्रकाश ने उम्मीद जताई कि उनकी फिल्म को दर्शक जरूर पसंद करेंगे।

## सबातो का कलेक्शन

लाइफ स्टाइल



गुच्ची स्प्रिंग/समर 2024 फैशन शो में क्रिएटिव डायरेक्टर सबातो डी सरनो ने डेब्यू किया था। डिज़ाइनर जल्द ही मिलान फैशन वीक में अपना दूसरा महिला संग्रह पेश करने जा रहे हैं। मिलान फैशन वीक में गुच्ची के फॉल/विंटर 2024 फैशन शो के निमंत्रण के साथ आए नोटबुक पर 'अपने दिल की सुनो' संदेश लिखा हुआ है। नोटबुक गुच्ची रोसो एंकोरा में थे, जो ऑक्सब्लड रंग का आधिकारिक नाम है जिसे क्रिएटिव डायरेक्टर सबातो डी सरनो ने गुच्ची के नए हस्ताक्षर के रूप में स्थापित किया।

## आयुर्वेदिक पाउडरों से धोएं अपने बाल



बाजार में कई हेयर केयर प्रोडक्ट आते हैं, जो बालों की कई परेशानियों से राहत दिलाते हैं लेकिन इनमें मिले केमिकल की वजह से इसका असर कुछ दिन तक रहता है।

यानी कि अगर आप इसका लगातार इस्तेमाल करेंगे तब तो आपके बाल सही रहेंगे, वरना कई तरह की परेशानियां आपको घेर लेंगी। ऐसे में आपको कुछ ऐसे आयुर्वेदिक पाउडरों के बारे में जानना चाहिए जिनसे बाल धोने के बाद आपको कई परेशानियों के छुटकारा मिल जाएगा। आपको शिकाकाई, आंवला और रीठा के पाउडरों से बाल धोने का सही तरीका जानना चाहिए। इसके लिए सबसे पहले तीनों पाउडरों को बराबर मात्रा में निकाल कर अलग रख लें। इसके बाद एक बर्तन में पानी उबालकर ये मिला दें। जब पानी ठंडा हो जाए तो उससे बालों को धो लें। इस घोल से आपके सिर पर झाग बनने लगेगा, जिसके बाद आप सादा पानी से बाल धो सकते हैं। अगर आप इन आयुर्वेदिक पाउडरों से अपने बाल नियमित रूप से धोएंगे तो इससे आपके सिर की जड़ों पर जमने वाले अतिरिक्त तेल से आपको राहत मिलेगी। बालों में जमने वाली गंदगी को दूर करने में ये आयुर्वेदिक पाउडर काफी मददगार रहते हैं। इनके इस्तेमाल से बालों की मजबूती भी बरकरार रहती है। अगर आपके बाल ज्यादा झड़ रहे हैं तो आप इन आयुर्वेदिक पाउडरों का इस्तेमाल करके इस परेशानी से राहत पा सकते हैं। अगर आपके बाल काफी ज्यादा दोमुंहे हैं तो ये आयुर्वेदिक पाउडर आपकी इस समस्या को भी दूर करने में मददगार हैं।

## सिंपल साड़ी के साथ वियर करें हैवी डिजाइन ब्लाउज




साड़ी में लुक तभी परफेक्ट लगता है जब आप उसके साथ अच्छे डिजाइन वाले ब्लाउज को वियर करती हैं।आजकल मार्केट में अलग-अलग तरह की साड़ी के डिजाइन मिल जाते हैं। लेकिन हर बार हैवी साड़ी पहनने की वजह से कई बार हम बोर हो जाते हैं। ऐसे में आप सिंपल साड़ी खरीद सकती हैं, जिसके साथ हैवी ब्लाउज काफी अच्छा लगेगा। इसके लिए हैवी वर्क में ब्लाउज के काफी सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। जिसे आप वियर करके अपने लुक को परफेक्ट बना सकती हैं।



### थ्रेड वर्क ब्लाउज डिजाइन

अगर आपकी साड़ी में थ्रेड वर्क है तो आप इसके साथ हैवी वर्क वाले ब्लाउज को वियर कर सकती हैं। सें डिजाइन का भी बना सकती हैं वरना अलग से कपड़ा लेकर भी इसे सिलवा सकती हैं। इससे आपकी साड़ी हैवी नजर आएगी। साथ ही आपका लुक यूनिक लगेगा। इसके साथ आप ब्लाउज की नेकलाइन को डीप रख सकती हैं। इससे भी आप बेहद खूबसूरत लग सकती हैं।

### जरी वर्क ब्लाउज

प्लेन साड़ी में लुक तभी परफेक्ट लगता है जब आप उसके साथ हैवी वर्क ब्लाउज वियर करती हैं। इससे आप काफी सुंदर (स्लीवलेस ब्लाउज) लगती हैं। इसमें आपको पूरे ब्लाउज में जरी वर्क मिलेगा। लेकिन इसमें बाजू आपको प्लेन मिलेगी। इससे आपका लुक और साड़ी दोनों ही अच्छी नजर आएगी। आप चाहे तो जरी बॉर्डर के साथ भी इस तरीके के ब्लाउज को खरीद सकती हैं। मार्केट से आपको इस तरीके के ब्लाउज रेडिमेड मिल जाएंगे। जिन्हें आप 200 से 500 रुपये में मिल जाएगा। इस तरीके के ब्लाउज के साथ आप हैवी इयररिंग्स और मेसी बन हेयर स्टाइल बना सकती हैं।

### स्टोन वर्क ब्लाउज

आजकल स्टोन वर्क ब्लाउज काफी ट्रेंड में है। इसस तरब के ब्लाउज आफको मार्केट में भी मिल जाएंगे। वरना आप चाहे (फुल स्लीव्स ब्लाउज) तो फेब्रिक खरीदकर भी इसे डिजाइन कर सकती हैं। सिंपल साड़ी के साथ आप इसे कॉन्ट्रास्ट करके पहन सकती हैं।

## शादी में बचे हैं कुछ दिन तो ऐसे रखें त्वचा का ध्यान, खास दिन निखर उठेगा चेहरा

लड़कियां चाहे कितना भी स्किन केयर से दूर रह लें, लेकिन जब उनकी शादी तय होती है तो हर लड़की इस कोशिश में लग जाती है कि उनका चेहरा शादी से दिन खिला-खिला रहे। इसके लिए वो बालों से लेकर पैरों की उंगलियों तक का खास ध्यान रखती हैं।

इस दौरान वो तमाम तरह के स्किन केयर ट्रीटमेंट लेती हैं, ताकि शादी से दिन लोगों की नजर उनपर से हट ना पाए लेकिन कई बार बिगड़ी हुई लाइफस्टाइल और काम के बोझ की वजह से इन ट्रीटमेंट का अच्छा असर चेहरे पर नहीं होता है। ऐसे में हर होने वाली दुल्हन को स्किन केयर ट्रीटमेंट लेने के साथ-साथ घर पर ही एक सिंपल का स्किन केयर रूटीन भी फॉलो जरूर करना चाहिए। अगर आपकी शादी कुछ ही दिनों में होने वाली है, तब तो स्किन केयर रुटीन फॉलो करना आपके लिए बेहद जरूरी होता है ताकि शादी से दिन किसी की नजरें आप पर से हटें ही नहीं।

### गुलाब जल का करें इस्तेमाल

गुलाब जल में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा को गुलाबी निखार देते हैं। ऐसे में



अपनी शादी से पहले त्वचा पर इसका इस्तेमाल जरूर करें। इसके इस्तेमाल से त्वचा हाइड्रेट भी रहती है।

### हर रोज करें क्लींजर का इस्तेमाल

चेहरे से गंदगी को साफ करने के लिए क्लींजर का इस्तेमाल किया जाता है। केमिकल मुक्त क्लींजर के इस्तेमाल से आपकी त्वचा गहराई से ना सिर्फ साफ होगी, बल्कि साथ ही में इससे चेहरे के पोर्स भी खुल जाएंगे।

## प्राकृतिक तरीकों से मिटाने हैं चेहरे के दाग-धब्बे तो अपनाएं ये तरीके

बिगड़ी हुई लाइफस्टाइल का असर लोगों के शरीर के साथ-साथ चेहरे पर भी दिखाई देता है। जिस तरह से खराब लाइफस्टाइल से शरीर आंतरिक रूप से कमजोर होता है, ठीक उसी तरह से बाहर के खान-पान और तनाव के चलते चेहरे पर कई परेशानियां दिखने लगती हैं। इसके अलावा हार्मोन्स के असंतुलन, तेज धूप या पिंपल्स के कारण चेहरे पर काले दाग-धब्बे हो जाते हैं, जिन्हें छुपाना आसान नहीं होता।

**दही और नींबू:** अगर आप दमकती त्वचा पाना चाहते हैं तो इस पैक के इस्तेमाल से आपका चेहरा खिल उठेगा। इसे बनाने के लिए आपको दही में नींबू का रस मिलाने की जरूरत है। इनमें मौजूद ब्लीचिंग तत्व से चेहरे पर अच्छा असर दिखाता है।

**एलोवेरा जेल:** अगर आपके पास पैक बनाने और इसे लगाने का समय नहीं है तो सिर्फ एलोवेरा जेल के इस्तेमाल से आप दमकती त्वचा पा सकते हैं। इसके इस्तेमाल से लिए आपको चेहरा धोने के बाद एलोवेरा जेल को सही से चेहरे पर लगाना है। आप चाहें तो इसके लिए ताजे एलोवेरा का इस्तेमाल कर सकते हैं।



**पपीता:** अगर आपके चेहरे पर कई तरह के दाग-धब्बे हैं तो आप पपीते का इस्तेमाल कर सकते हैं। पपीते के इस्तेमाल से आप अपने चेहरे को स्क्रब कर सकते हैं।

**नींबू का रस:** अगर आप आसानी से अपने घर पर चेहरे को साफ करना चाहती हैं तो नींबू के रस में चीनी मिलाकर स्क्रब करने से भी धब्बे हल्के होने में मदद मिलती है।

कार्नर न्यूज

### चेहरे की चमक बरकरार रखने उठाएं जरूरी कदम

## बढ़ते प्रदूषण ने बिगाड़ा चेहरे का हाल आजमाएं ये तरीका फिर होगा कमाल

हर किसी की चाहत होती है कि उसका चेहरा हमेशा चमचमाता रहे। आज के दौर में चेहरे के स्किन का ख्याल रखना बेहद जरूरी है। बढ़ते प्रदूषण के कारण चेहरे की त्वचा पर काफी असर पड़ता है, जैसे कि गंदगी, धूल, और हानिकारक रसायन जो त्वचा में घुसकर उसे नुकसान पहुंचाते हैं। इससे चेहरे की चमक कम हो सकती है और त्वचा बेजान लगने लगती है।

### प्रदूषण से खो जाती है चेहरे की रौनक

प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है, इसके दुष्प्रभाव न केवल हमारे स्वास्थ्य पर बल्कि हमारी त्वचा पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। जिससे त्वचा में सुस्ती देखी जा सकती है। प्रदूषण से हमारी त्वचा की सुरक्षा के लिए हमें रोजाना कुछ चीजों पर काम करने की जरूरत है।

### रोज करें चेहरे की सफाई

दिन में दो बार चेहरे को अच्छे फेसवॉश से धोएं। यह प्रदूषण और





गंदगी को हटाकर त्वचा को ताजगी प्रदान करेगा। प्रदूषण से त्वचा सूख सकती है, इसलिए अच्छे मॉइस्चराइज़र का इस्तेमाल करें, जो त्वचा को हाइड्रेट रखें।

### सनस्क्रीन का इस्तेमाल जरूरी

सूरज की हानिकारक पराबैंगनी (अल्ट्रावायलेट) किरणें भी प्रदूषण के साथ मिलकर त्वचा को नुकसान पहुँचाती हैं। इसलिए सनस्क्रीन लगाना न भूलें। अपने त्वचा के प्रकार के अनुसार सनस्क्रीन का एसपीएफ चुनें। सामान्यतः, एसपीएफ 30 से 50 तक का सनस्क्रीन रोज़ाना उपयोग के लिए अच्छा होता है। सनस्क्रीन को चेहरे पर हल्के हाथों से समान रूप से लगाएं। इसे कम से कम 15-20 मिनट पहले लगाना चाहिए ताकि यह त्वचा में अवशोषित हो सके।

### घरेलू नुस्खे से मिलता है जबदस्त फायदा

घरेलू नुस्खे जैसे शहद, नींबू, हल्दी, या एलोवेरा का उपयोग त्वचा को प्राकृतिक रूप से चमकदार बनाए रखने में मदद कर सकता है। हल्दी और बेसन से फायदा मिलता है। हल्दी में एंटीऑक्सिडेंट गुण होते हैं, जबकि बेसन त्वचा को अच्छे से साफ करता है। इन्हें मिलाकर एक पैक बना सकते हैं जो त्वचा को साफ बनाता है। इसके अलावा शहद त्वचा को नमी प्रदान करने के साथ-साथ इसमें एंटीबैक्टीरियल गुण भी होते हैं, जो मुँहासों और अन्य त्वचा संबंधी समस्याओं से बचाता है।

### स्वस्थ आहार लेना फायदेमंद

ताजे फल, सब्जियाँ, और खूब पानी पीना त्वचा की सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। ताजे फल और हरी पत्तेदार सब्जियाँ त्वचा को अंदर से पोषण देती हैं और उसे स्वस्थ रखती हैं। अखरोट और बादाम त्वचा के लिए अच्छे फैटी एसिड और विटामिन ई का स्रोत हैं।